
MUMBAI TARANG

संपादक : दिलीप नानजीभाई पटेल ❖ उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा ❖ वर्ष-04 ❖ अंक-12 ❖ मुंबई ❖ रविवार 12 से 18 मार्च 2023 ❖ पृष्ठ-8 ₹4/-

RNI No. MAHHIN/2020/78591
Postal Reg. No. MNW/354/2021-2023

# मुंबई तरंग

www.mumbaitarang.com



पेज 3

**बच्चू कडू के बयान पर कांग्रेस ने असम में सरकार को घेरा**



पेज 5

**मोदी सबसे बड़े कद के नेता, पूर्वोत्तर में राजनितिक दलों को उनका समर्थन करना ही होगा : हिमंत**



पेज 7

**ऑस्कर के मंच पर दीपिका के होने की खबर से फैंस खुश**



पेज 8

**शाह ने गुजरात में 154 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन, अटउ और अवउ्ध को किया संबोधित**



## एक नजर

### सामाजिक समरसता पर संघ की बैठक में होगा विचार

**समालखा (हरियाणा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नेतृत्व रविवार से यहां शुरू हो रही तीन दिवसीय वार्षिक बैठक के दौरान देश में सामाजिक समरसता का माहौल बनाने, लोगों को उनके कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के तरीकों पर विचार करेगा। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बैठक में वर्ष 2025 के शताब्दी स्थापना दिवस के लिए निर्धारित संगठन विस्तार योजना की भी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में इसके प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबाले सहित 1,400 से अधिक पदाधिकारी शामिल होंगे। आंबेकर ने कहा कि भाजपा की ओर से पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा और महासचिव (संगठन) बी एल संतोष बैठक में शामिल होंगे।

### तमिलनाडु में मजदूरों पर हमले का फर्जी वीडियो

**पटना।** तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी श्रमिकों पर कथित हमलों के फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में जमुई जिले के एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के चार दिन बाद राज्य पुलिस ने शुक्रवार को मामले की जांच के तहत चार लोगों के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने बताया कि प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओयू) ने 'यूट्यूबर' मनीष कश्यप, युवराज सिंह और दो अन्य के खिलाफ तमिलनाडु में प्रवासियों के मारे जाने और पिटाई के फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाने के आरोप में नई प्राथमिकी दर्ज की है।

### मप्र के सीएप पर अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेस नेता पर केस दर्ज


**इंदौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के आरोप में पुलिस ने इंदौर के एक कांग्रेस नेता के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सम्पत उपाध्याय ने संवाददाताओं को बताया कि कांग्रेस के सेवा दल की शहर इकाई के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 294 (अपशब्दों का इस्तेमाल) और अन्य संबद्ध प्रावधानों के तहत विजय नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## प्रधानमंत्री की वेबसाइट पर हीराबेन को समर्पित माइक्रो साइट, दर्शाती है मां-बेटे के बीच का अटूट प्यार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी का निधन 30 दिसंबर 2022 को हुआ था। उनके निधन के बाद दुनिया भर से शोक और संवेदनाओं का तांता लग गया था। प्रधानमंत्री अपनी मां से कितना प्यार करते थे इसे बताने की आवश्यकता नहीं है। दोनों के बीच के अटूट प्यार का सबूत माइक्रो साइट है, जो कि पीएम मोदी की आधिकारिक वेबसाइट पर ही मौजूद है और मोदी और उनकी उनकी मां की स्मृति को श्रध्दांजलि देने के साथ मातृत्व की अटूट भावना का जश्न मनाती है। इस वेबसाइट का नाम 'मां' है। अधिकारियों ने कहा कि माइक्रोसाइट 'मां' हीराबेन को समर्पित है। यह उनकी स्मृति को श्रध्दांजलि देती है। यह वेबसाइट एक मां और बेटे के बीच साझा किए गए प्यार और अटूट बंधन को दर्शा तीहै। माइक्रोसाइट में हीराबेन के वीडियो हैं, जो उन शिक्षाओं को व्यक्त करते हैं जो उसने अपने बच्चों को दी थीं। साइट में प्रधान मंत्री मोदी का विशेष ब्लॉग भी शामिल है, जिसे उन्होंने अपनी मां के लिए लिखा था।

# बाला साहेब ठाकरे के नाम पर आपला दवाखाना, 700 स्थानों में फ्री जांच से लेकर होगा इलाज तक



मुंबई: मुंबईकरों को घर के पास इलाज की सुविधा मुहैया कराने के लिए शुरू की गई 'हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना' योजना को अब पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। राज्यभर में 700 आपला दवाखाना शुरू करने की घोषणा की गई है। यह घोषणा राज्य के उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को विधानभवन में अपने बजट भाषण के दौरान की है। महाराष्ट्र में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद शिंदे-फडणवीस सरकार ने गुरुवार को अपना पहला बजट पेश किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में देवेंद्र फडणवीस ने कई घोषणाएं की हैं, जिनमें पूरे राज्य में आपला दवाखाना खोले जाने की घोषणा मुख्य रूप से शामिल है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आपला दवाखाना को मुंबई में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इसे देखते हुए ये दवाखाने पूरे राज्य में शुरू किए जाएंगे। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि इस आपला दवाखाना में लोगों के इलाज से लेकर जांचें मुफ्त में होंगी।

**एमजेपीजेएवाय की बढ़ाई सीमा**

महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (एमजेपीजेएवाय) की सीमा 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। इसके साथ ही गुर्दा प्रत्यारोपण सर्जरी की निधि 2.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 लाख रुपये कर दी गई है। एमजेपीजेएवाय और प्रधानमंत्री आयुष्मान जन आरोग्य योजना के तहत 2021-22 में 8 लाख, 47 हजार लोगों का ऑपरेशन या इलाज किया गया, जबकि दिसंबर 2022-23 के अंत तक 6 लाख, 25 हजार लोगों का ऑपरेशन और इलाज किया गया। इस योजना में राज्य के और नए 200 अस्पतालों को शामिल किया गया है। 4 करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में राज्य सरकार ने माता सुरक्षित तो बाल सुरक्षित अभियान पर जोर दिया है। इस अभियान के तहत राज्यभर में 4 करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग सहित इलाज करने की घोषणा की गई है। इससे राज्य में होनेवाली नवजात मृत्यु, माता मृत्यु दर को नियंत्रित किया जा सकेगा। इसके अलावा बुजुर्गों के लिए चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी घोषणा बजट में की गई है। राज्य में बनेंगे 14 सरकारी मेडिकल कॉलेज फडणवीस ने बजट भाषण में घोषणा की है कि राज्य में 14 जगहों पर सरकारी मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। ये मेडिकल कॉलेज सातारा, अलीबाग, सिंधुदुर्ग, धाराशिव, परभणी, अमरावती, भंडारा, जलगांव, रत्नागिरी, गडचिरोली, वर्धा, बुलढाणा, पालघर और अंबरनाथ में बनाए जाएंगे।

## नितिन गडकरी रखेंगे लखनऊ-भोपाल राजमार्ग की आधारशिला




महोबा, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 13 मार्च को एनएचआई की महत्वाकांक्षी परियोजना लखनऊ-भोपाल हाइवे की आधारशिला आल्हा ऊदल की वीर भूमि महोबा में रखेंगे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। एनएचआई (N H I) के परियोजना प्रबंधक वाईके रुहेला ने शनिवार को बताया कि लखनऊ से भोपाल तक 600 किलोमीटर का यह हाइवे प्रोजेक्ट दोनो प्रदेशो की राजधानियों के बीच की दूरी को काफी कम करके विकास की दृष्टि से अति पिछड़े बुंदेलखंड की तरक्की का मार्ग प्रशस्त करेगा। नव निर्मित फोरलेन से लखनऊ से भोपाल की यात्रा को महज सात घण्टे में पूरा किया जा सकेगा। अभी इस रूट के वाहनों की झांसी के रास्ते आवाजाही होती है। लखनऊ से कबरई व कबरई से भोपाल के मध्य दो चरणों मे तैयार होने वाले प्रोजेक्ट को तीन वर्ष में पूरा किया जाना है। हाइवे निर्मा णके लिए गजट अप्रैल 2022 में किया जा चुका है। रुहेला ने बताया कि लखनऊ.भोपाल हाइवे के नए प्रोजेक्ट में कानपुर के रमईपुर से कबरई, कबरई से सागर और सागर से भोपाल तक नए फोरलेन मार्ग का निर्मा णकिया जाना है। मौजूदा कानपुर.सागर राजमार्ग में वाहनों का लोड अधिक होने के कारण यातायात प्रभावित होता है।

## विधानसभा में गूंजा लव जिहाद का मामला




मुंबई। शुक्रवार को लव जिहाद के मुद्दे पर विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर वाद विवाद हुआ। नेता प्रतिपक्ष अजित पवार के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। राकांपा विधायक जितेंद्र आव्हाड ने प्वाइंट ऑफ इनफार्मेशन के तहत मुद्दा उठाते हुए कहा कि गुरुवार को महिला और बाल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढा ने सदन में गलत जानकारी दी कि लव जिहाद के 1 लाख मामले हैं, जबकि मेरी जानकारी में अधिकृत रूप से इंटर फैथ, जिसे ये लोग लव जिहाद कहते हैं के केवल 3 हजार 793 मामले हैं। मंत्री ने सदन में गलत जानकारी दी है। इस पर भाजपा के योगेश सागर ने आपत्ति प्रकट करते हुए कहा कि मंत्री ने अपने बयान में किसी संप्रदाय और धर्म का उल्लेख नहीं किया है। लव जिहाद के मामले तीन हजार हो या सवा लाख? इनका (आव्हाड) का क्या संबंध है, ये बताया जाए।

## रोजाना आठ किसानों करते हैं खुदकुशी: अजित पवार



मुंबई। शुक्रवार को विधानसभा में नियम 293 के तहत हुई चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष अजित पवार ने कहा कि अपर्याप्त, भारी बारिश, बेमौसम बारिश जैसी प्राकृतिक आपदाओं से राज्य में कृषि पर संकट आ गया है। कृषि उत्पादों के दाम बेहद कम मिलने से किसानों को सब्जियों, कृषि उत्पादों को सड़कों पर फेंकने का समय आ गया है। उर्वरक की बढ़ती कीमतों, बोगस बीज का मामला, घिरते 'सीबील' की वजह से बैंक कर्ज नहीं देते। कृषि पंपों के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। जिससे राज्य का किसान बेहाल हो गया और राज्य में किसानों की आत्महत्या बढ़ी है। रोजाना आठ किसान आत्महत्या कर रहे हैं। विपक्ष के नेता अजित पवार ने शिंदे-फडणवीस सरकार पर किसानों के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे सरकार के 7 माह के कार्यकाल में 1023 किसानों ने आत्महत्या की है। उद्धव ठाकरे सरकार के ढाई साल के कार्यकाल में 1607 किसानों ने आत्महत्या की, जबकि साल 2014 से 2019 के पांच साल के देवेंद्र फडणवीस सरकार के कार्यकाल में 5061 किसानों ने आत्महत्या की थी। अजित पवार ने कहा कि किसान ही दुनिया का पोषण करने वाला है। वह संकट में है तो राज्य और देश की अर्थव्यवस्था नहीं पलट सकती। कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को लागू करते समय सरकार को कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है, लेकिन शिंदे-फडणवीस सरकार ने कृषि विभाग को तबादलों, पदोन्नति और भर्ती में फंसा रखा है। राज्य में राष्ट्रीयकृत बैंक किसानों को कर्ज नहीं देते हैं। सिबील खराब होने के कारण किसानों को कर्ज लेने में दिक्कत हो रही है।

# NCP नेता के घर फिर सुबह-सुबह ED की रेड हसन मुश्रीफ की पत्नी बोलीं- हमें गोली मार दें



कोल्हापुरः आज सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम ने एनसीपी विधायक हसन मुश्रीफ (Hasan Mushrif) के कोल्हापुर के कागल स्थित घर पर फिर छापेमारी की. सुबह-सुबह 5 से 6 बजे के दरम्यान 4 से 5 अधिकारी मुश्रिफ के घर पहुंचे. पिछले डेढ़ महीने में मुश्रिफ के ठिकानों में लगातार तीसरी बार और घर पर दूसरी बार छापेमारी हुई है. आप्पासाहेब नलवडे शुगर मिल (Appasaheb Nalvade Sugar Mill) की खरीद के मामले में हुए घोटाले को लेकर यह छापेमारी हुई है. मुश्रिफ के घर के बाहर बड़ी तादाद में कार्यकर्ता ओं की भीड़ जमा है. बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है.

पुलिस ने घर के बाहर जमा भीड़ से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें. इस बीच हसन मुश्रिफ की पत्नी सायरा मुश्रीफ (Hasan Mushrif's wife Saira Mushrif) ने घर के गेट पर आकर कार्यकर्ता ओं से कहा, 'शांति बनाए रखें और इनसे कहें कि हमें गोली मार दें.' कार्यकर्ता बीजेपी के खिलाफ नारे लगा रहे हैं. कार्यकर्ता ओंका कहना है कि, 'घर में मुश्रीफ साहेब नहीं हैं. घर में बच्चे को बुखार आया है. अगर उसे कुछ हुआ या घर की महिलाओं में से किसी को भी कोई समस्या हुई तो हम शांत नहीं बैठेंगे.'

**158 करोड़ का घोटाला है, हिसाब तो देना पड़ेगा- BJP नेता किरीट सोमैया**

ईडी की रेड पर बीजेपी नेता किरीट सोमैया (Kirit Somaiya) ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि, 'हिसाब तो देना पड़ेगा. मुश्रिफ ने करोड़ों रुपए की लूट की है. उन्होंने कबूल किया है कि 158 करोड़ की हेराफेरी की है. वे इनकम टैक्स विभाग को बोल रहे हैं कि सेटलमेंट करो. पहले शुगर मिल का घोटाला फिर बैंक के माध्यम से किसानों को ठगा. कार्रवाई तो होकर रहेगी.'

दूसरी तरफ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा है कि, 'किसानों की समस्या का, बेरोजगारी का, महंगाई का इनके पास कोई जवाब नहीं है. इसलिए मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए ये सारी कार्रवाइयां शुरू हैं.13 मार्च को कांग्रेस ने तय किया है कि राजभवन के बाहर इन जांच एजेंसियों के गलत इस्तेमाल के विरोध में आंदोलन करेगी.'

**2024 के बाद इस पोपट को सड़कों पर मारेगी जनता- संजय राउत**

ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने किरीट सोमैया के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, '2024 के बाद जनता इन्हें सड़कों पर पकड़ कर मारेगी. ऐसी घटनाएं पहले हुई हैं इतिहास में. ऐसा नहीं है कि ऐसा कभी हुआ नहीं. दरअसल कसबा उप चुनाव के बाद यह सरकार डर गई है. महाविकास आघाड़ी की बढ़ती लोकप्रियता को देख कर ये लोग हिल गए हैं. इसलिए यह छटपटाहट है.' मुश्रीफ के पीछे क्यों पड़ी ED ?संताजी घोरपडे शुगर मिल की खरीद का घोटाला के मामले में मुश्रीफ के घर रेड पड़ी है. कोलकाता की बोगस कंपनी के जरिए 158 करोड़ रुपए इस कंपनी में ट्रांसफर किए गए थे. यह पैसा आया कहां से? यह कंपनी है कहां? बीजेपी नेता किरीट सोमैया का दावा है कि यह मनी लॉन्ड्रिंग का पैसा है. मुश्रीफ पर कार्रवाई की मांग सोमैया ने की थी. इसके बाद इनकम टैक्स विभाग और ईडी ने हसन मुश्रिफ के खिलाफ कार्रवाई शुरू की.

इससे पहले 11 जनवरी को मुश्रीफ के कोंढवा के रिश्तेतार के घर और गणेशखिंड के पास एक कार्या लय में ईडी की रेड पड़ी थी. इसके बाद मुश्रीफ से संबंधित पुणे और कोल्हापुर के ठिकानों पर छापेमारियां हुईं. इसके पंद्रह दिन के भीतर हसन मुश्रीफ की अध्यक्षता वाले कोल्हापुर जिला मध्यवर्ती बैंक में भी ईडी की टीम लगातार दो दिनों तक जमी रही और दस्तावेजों की जांच करती रही. बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी समेत पांच लोगों को हिरासत में लिया गया था. इस जांच में क्या सामने आया, अब तक साफ नहीं हो पाया है. दो दिनों पहले जिला बैंक के अकाउंट की ऑडिट का आदेश भी दिया गया है.

## पुरानी पेंशन योजना को लेकर विधान परिषद में देवेंद्र फडणवीस का विपक्ष को जवाब



मुंबई। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस (Devendra Fadnavis) ने कहा कि राज्य में पुरानी पेंशन योजना (Old Pension Scheme) लागू करने को लेकर सरकार सकारात्मक है. यह योजना लागू होने पर सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इस योजना का परिणाम साल 2030 के बाद राज्य में दिखना शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को विधान परिषद में नियम 97 बजट चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे (Ambadas Danve) ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने का मुद्दा उठाया था जिसमे दानवे ने कहा कि गुरुवार को राज्य का बजट पेश किया गया लेकिन उसमे पुरानी पेंशन योजना लागू करने को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई.सदन के बाहर वित्त मंत्री फडणवीस बार -बार अपने भाषण में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की बात करते है लेकिन बजट में इसका जिक्र नहीं किया गया.दानवे के सवाल के जवाब में फडणवीस बोल रहे थे. वित्त मंत्री ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना भविष्य में कभी बंद न हो हम इस पर विचार कर रहे है.आगामी चुनाव को देखते हुए सरकार इसको लागू नहीं करेगी। फडणवीस ने सदन को बताया कि निवृत हुए कर्म चारियोंका जो वेतन था नई स्किम के तहत उसे 50 फीसदी वेतन में 10 फीसदी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है.उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना लागू करने को लेकर नीति बनाने की आवश्यकता है. वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में अगर पुरानी पेंशन योजना लागू होगी तो 2030 तक कोई आर्थिक अड़चन नहीं आएगी लेकिन उसके बाद अड़चने आने की आशंका है. उन्होंने कहा कि केंद्र वेतन का पैसा नहीं देता केंद्र सरकार सिर्फ उनकी योजनाओं का पैसा देती है, जो केंद्र सरकार से जुड़ी हो। फडणवीस ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना लागू करने वाले राज्यों का राजस्व में इतनी बढ़ोत्तरी नहीं होती है. मैं पुरानी पेंशन के मुद्दे पर सभी संगठनों से बात करने को तैयार हूं. केवल उन्हें भावुक नहीं होना चाहिए। उन्हें तकनीकी पक्ष को समझना चाहिए। उन्हें सरकार का पक्ष समझ आ गया था कि मामला खत्म हो जाएगा। विरोधी दल को यह विषय नहीं बनाना चाहिए। यह राज्य का मामला है। कर्म चारीसंघों को अहं को विषय न बनाकर चर्चा में आना चाहिए। फडणवीस ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी देने वाले संगठन से चर्चा के लिए तैयार हूँ। अगर लोकतंत्र में कार्यकर्ता आंदोलन कर रहे हैं और इससे विपक्ष खुश है तो यह सही नहीं है।



# गैरजरूरी विवाद

देश में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के निजी स्टाफ को संसद की 12 स्टैंडिंग कमिटियों और 8 विभागीय स्टैंडिंग कमिटियों से जोड़े जाने को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दर्ज कराई है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के पर्सनल स्टाफ को संसद की 12 स्टैंडिंग कमिटियों और 8 विभागीय स्टैंडिंग कमिटियों से जोड़े जाने की खबर पर विपक्ष



ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है। यह अनावश्यक विवाद ऐसे समय उभर आया है जब देश में लोकतांत्रिक परंपराओं और मूल्यों को कथित तौर पर कमजोर किए जाने को लेकर पहले से ही बहस चल रही है। सोमवार से ही मौजूदा बजट सत्र फिर से शुरू हो रहा है। ताजा फैसले की जानकारी देते हुए मंगलवार को राज्यसभा सचिवालय की ओर से कहा गया कि संबंधित अफसरों को 'तत्काल प्रभाव से और नया निर्देश जारी होने तक' के लिए इन कमिटियों से जोड़ा गया है। निर्देश के मुताबिक ये अफसर उन कमिटियों के कामकाज में सहायता देंगे। जाहिर है, इस कामकाज में वे बैठकें भी शामिल हैं, जिनकी प्रकृति गोपनीय मानी जाती है। स्वाभाविक ही विपक्षी दल इस पर एतराज कर रहे हैं। कई विशेषज्ञ भी इस कदम को संसद की मान्य परंपराओं और नियमों के खिलाफ बता रहे हैं। ऐसा पहली बार ही हुआ है कि राज्यसभा सभापति के स्टाफ मेंबर्स को इन कमिटियों से जोड़ा गया है। ये जिम्मेदारियां लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय के अफसरों को ही दी जाती रही हैं। हालांकि उपराष्ट्रपति कार्या लयकी ओर से तो स्पष्टीकरण दिया ही गया है। खुद धनखड़ ने भी एक कार्यक्रम के दौरान सार्व जनिकतौर पर इस मसले का जिक्र करते हुए बताया कि इसके पीछे कोई गलत इरादा नहीं है। मकसद सिर्फ यह सुनिश्चित करना था कि संसदीय समितियों में मानव संसाधन की कमी न हो। तैनाती भी ऐसे अफसरों की ही की गई है जो रिसर्च और डिवेलपमेंट (R&D) से जुड़े कार्यों में कुशल माने जाते रहे हैं। लेकिन सवाल इरादों से ज्यादा तरीके को लेकर है। अगर इन संसदीय समितियों में मानव संसाधन की कमी महसूस हो रही थी तो समितियों की तरफ से सभापति को अनुरोध भेजा जाना चाहिए था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश सहित अलग-अलग समितियों से जुड़े विपक्ष के कई नेताओं ने कहा कि समितियों में मानव संसाधन की कमी नहीं थी। फिर भी अगर उपराष्ट्रपति को अपने स्तर पर ऐसी कोई सूचना मिली थी या जरूरत महसूस हो रही थी तो संसदीय परंपराओं से हटकर कदम उठाने से पहले विपक्ष से बातचीत करके उसे विश्वास में लेना चाहिए था। आखिर संसदीय लोकतंत्र की गाड़ी तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के दोनों पहियों के सहारे ही आगे बढ़ती है। इस कदम ने दोनों पक्षों के बीच पहले से ही मौजूद तनाव और अविश्वास को और बढ़ा दिया है। इससे आसानी से बचा जा सकता था। विपक्ष के तेवर को देखते हुए ऐसा लगता नहीं है कि वह इस फैसले को स्वीकार करेगा। यानी सोमवार से संसद में इस मसले पर भी विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तकरार सामने आ सकती है। देखना होगा कि इसमें सुलह का कौन सा फॉर्म्युला कैसे और कब तक निकलता है।

# टीकाकरण से 41लाख और जिंदगियां कैसे बचाई जाएँ

वैक्सिनेशन या टीकाकरण किसी चमत्कार से कम नहीं। किसी और मेडिकल खोज की तुलना में इसने दुनिया में सबसे अधिक जिंदगियां बचाई हैं। इसने समूची आबादी के लिहाज से ऐसी बीमारियों को नियंत्रित करने का हथियार दिया, जिनसे दुनिया में बड़ी संख्या में लोगों की जान जा रही थी। फिर भी हम भूल जाते हैं कि इंसानी जिंदगी को वैक्सिनेशन ने कितने बुनियादी स्तर पर बदला है।

पिछली सदी के अंत में अमेरिका में संक्रामक बीमारियों से एक तिहाई लोगों की जान जा रही थी। अगर आज के हिसाब से तुलना करें तो जितने लोगों की जान कैंसर और दिल की बीमारी ले रही है, उससे अधिक लोग तब संक्रामक बीमारियों से मर रहे थे। आज वैक्सीन ने डिप्थेरिया, टायफाइड, मीजल्स जैसे रोगों को करीब-करीब खत्म कर दिया है। वहीं, 20वीं सदी में हर साल ये रोग लाखों लोगों को बीमार बना रहे थे। ऐसे रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या में 98 फीसदी की कमी आ चुकी है। दुनिया के गरीब देशों को देखें तो यह कामयाबी और भी बड़ी लगेगी। हजारों वर्षों से स्मॉलपॉक्स बड़ी संख्या में इंसानों की जान लेता आया था, लेकिन 1977 में एक वैक्सीन की मदद से हमने इस पर काबू पा लिया। 20वीं सदी में स्मॉलपॉक्स की वजह से करीब



30 करोड़ लोगों की जान गई। अगर इसकी वैक्सीन न बनी होती तो यह रोग हर साल 5 करोड़ लोगों की जान लेता रहता। साल 2000 में आए एक अनुमान के मुताबिक, वैक्सीन से दुनिया में हर साल 1.16 करोड़ लोगों की जान बच रही है। तब से यह संख्या बढ़ी ही है। स्मॉलपॉक्स को छोड़ दें तो भी आज दुनिया भर में टीकाकरण से हर साल 38 लाख लोगों की जान बचाई जा रही है। अफसोस कि इस फायदे के बावजूद गरीब देशों में हर साल करोड़ों की संख्या में बच्चों का टीकाकरण नहीं हो पा रहा। कोविड-19 महामारी के दस्तक देने के बाद यह संकट और बढ़ा है। महामारी के कारण साल 2021 में करीब 2.5 करोड़ बच्चों को जीवनरक्षक टीके नहीं लगाए जा सके। यह पिछले 12 वर्षों में सबसे बड़ी संख्या है। दरअसल, मंदी, महंगाई और कई दूसरी वैश्विक चुनौतियों के कारण वैक्सिनेशन से दुनिया का ध्यान हट गया है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने 2015 में वादा किया था कि 2030 तक शिशु मृत्यु दर में भारी कमी लाई जाएगी। यह लक्ष्य सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स (SDGs) के तहत तय किया गया था। लेकिन यह तभी हासिल हो पाएगा, जब हम वैक्सीन से जितनी जानें बचा सकते हैं, उतनी बचाएं। बदकिस्मती से SDGs में 169 लक्ष्य तय किए गए हैं, जो काफी ज्यादा हैं। बेशक, डिवेलपमेंट गोल्स में टीकाकरण बढ़ाने, शिशु मृत्यु दर को खत्म करने जैसे जरूरी लक्ष्यों को भी शामिल किया गया है, लेकिन इन्हें रीसाइक्लिंग बढ़ाने और कुदरत के साथ तालमेल बनाने वाली जीवनशैली के बराबर प्राथमिकता दी गई है, जो ठीक नहीं है। असल में, SDGs में कहीं अधिक लक्ष्य तय करने से हम इनमें से किसी लक्ष्य को हासिल करते नहीं दिख रहे। इसलिए हमें जरूरी लक्ष्यों को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करना होगा। अमेरिका की जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता ओं और इंटरनैशनल एक्ससे सेंटर (IVAC) ने टीकाकरण बढ़ाने के फायदों और उसके खर्च का अनुमान लगाया है। इसके मुताबिक, अभी इस पर जितना पैसा खर्च किया जा रहा है, अगर वही रफ्तार बनी रही तो 2030 तक 38 लाख लोगों की जान बचाई जा सकेगी। लेकिन अगर इसके दायरे में थोड़ी भी बढ़ोतरी हो तो नतीजे कहीं बेहतर हो सकते हैं। इससे 2023 से 2030 के बीच हम और 41 लाख जानें बचा सकते हैं। यह बात सही है कि इससे खर्च भी बढ़ेगा। इसके लिए दूरदराज के इलाकों में वैक्सिनेशन कैंपेन चलाने होंगे। उन परिवारों तक पहुंचना होगा, जो अभी इसके दायरे से बाहर हैं। लेकिन इस चुनौती से निपटने का रास्ता भारत दिखा सकता है। भारत में वैक्सिनेशन कैंपों के साथ फूड इंसेंटिव भी दिए जाते हैं ताकि टीकाकरण के दायरे में अधिक लोग आ सकें। यह प्रयोग कामयाब रहा है। भारत का तजुर्बा बताता है कि फूड इंसेंटिव देने से लागत में बहुत बढ़ोतरी नहीं होगी। इससे हर साल खर्च में 1.7 अरब डॉलर या 2030 तक 7.5 अरब डॉलर की अतिरिक्त बढ़ोतरी होगी। इतना खर्च बढ़ाने पर अगर और 41 लाख जानें बचाई जा सकें तो इसे कमाल ही कहा जाएगा। वैक्सिनेशन के लिहाज से खासतौर पर विकासशील देशों के लिए भारत अच्छी मिसाल हो सकता है। यहां इंटेंसिफाइड मिशन इंद्रधनुष (IMI) के नाम से यह अभियान चलाया जा रहा है। 2015 से 2017 के बीच IMI से 190 कमजोर प्रदर्शन करने वाले जिलों में कंप्लीट वैक्सिनेशन में 37 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। वहां यह आंकड़ा 50.5 फीसदी से बढ़कर 69 फीसदी हो गया। आज IMI 4.0 दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण प्रोग्राम है, जिससे हर साल 30 लाख गर्भ वती महिलाओं और 26 लाख शिशुओं का टीकाकरण हो रहा है। इसके साथ कोविड-19 वैक्सिनेशन प्रोग्राम की चर्चा करना भी जरूरी है, जिसमें भारत में 2.2 अरब डोज महामारी से बचने के लिए लोगों को दी गई। जान बचाने के साथ आर्थिक समृद्धि के लिहाज से भी टीकाकरण ताकतवर माध्यम है। वैक्सिनेशन से बच्चों के मानसिक विकास में मदद मिलती है। जब वे रोजगार लायक हो जाते हैं तो इसकी बदौलत उनके कामयाब होने की संभावना कहीं अधिक होती है। इसमें संदेह नहीं कि डिवेलपमेंट गोल्स में भी जो लक्ष्य रखे गए थे, उनमें से कुछ का दुनिया को जबरदस्त फायदा हुआ है। इसमें से वैक्सिनेशन का दायरा बढ़ाना भी शामिल है। इसलिए टीकाकरण पर खर्च बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल होना ही चाहिए।




पराग जोबनपुत्रा

# किडनी की बीमारी से कैसे बच सकते हैं आप

हाल के दिनों में किडनी फेलियर के मामले काफी बढ़े हैं, जिसमें कई बार मरीज की जान भी चली जाती है। एक अनुमान के अनुसार, भारत में 15 फीसदी लोग किडनी की बीमारियों से जूझ रहे हैं, लेकिन उन्हें इसका अंदाजा भी नहीं है। देश में हर साल 300000 नए लोग किडनी फेलियर के शिकार होते हैं। इनमें से अधिकांश लोगों की संसाधन और जागरूकता की कमी के कारण असमय मृत्यु हो जाती है। किडनी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को विश्व गुर्दा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**जानकारी ही निदान**

आज समाज और सोशल मीडिया में बहुत ही भ्रामक जानकारियां दी जा रही हैं। यूरिया और क्रिएटिनिन जांच तक का गलत अर्थ लगाया जाता है। यूरिया और क्रिएटिनिन किडनी में नहीं बनता। ये खानपान या मांसपेशियों से पैदा होते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि कंप्लीट किडनी फेलियर के बावजूद मरीज स्वस्थ रह सकता है,



लेकिन डर और अज्ञानता के कारण लोग सही इलाज नहीं कराते। किडनी के फंक्शन और उसकी देखभाल के बारे में सही जानकारी देकर यह डर दूर किया जा सकता है।

हर मनुष्य में दो गुर्दे होते हैं। इनका मुख्य काम है पेशाब का निर्मा ण। इस क्रम में किडनी शरीर में रोज पैदा होने वाले जहरीले पदार्थ और अतिरिक्त पानी को बाहर निकालती है।

हमारे खानपान में भिन्नता के बावजूद स्वस्थ किडनी शरीर में विभिन्न अवयवों को संतुलित रखती है। किडनी खून के निर्मा ण, हड्डियों की मजबूती और रक्तचाप नियंत्रण में मुख्य भूमिका निभाती है।

किडनी की बीमारी के लक्षण बहुत अस्पष्ट होते हैं, जैसे- कमजोरी, बदनदर्द, खून की कमी, उच्च रक्तचाप, अपच, सूजन और मूत्रमार्ग में परेशानी। बहुत बार मरीज इन शुरुआती लक्षणों को समझ नहीं पाते और गैस या दर्द की गोली खाकर समय नष्ट करते रहते हैं।

मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया, कैंसर, मूत्रमार्ग में रुकावट, किडनी की पथरी, प्रोस्टेट, वृद्धावस्था, मोटापा और पाश्चात्य जीवन शैली का गलत अनुकरण किडनी की बीमारी की आशंका बढ़ा देता है।

किडनी फंक्शन टेस्ट में खून में यूरिया, क्रिएटिनिन, सोडियम, पोटैशियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस की जांच होती है। ध्यान रहे कि यूरिया क्रिएटिनिन लेवल तभी बढ़ता है, जब किडनी 50 फीसदी से भी ज्यादा क्षतिग्रस्त हो जाती है।

अत्यधिक परहेज कर वजन और मांसपेशियों को क्षीण कर दें तो यूरिया और क्रिएटिनिन का लेवल कम हो जाएगा। पर इसका मतलब यह नहीं कि किडनी ठीक हो गई। इसलिए आजकल GFR को नापते हैं।

पेशाब में प्रोटीन और खून का आना किडनी की बीमारी का शुरुआती लक्षण है। अल्ट्रासाउंड से किडनी और मूत्रमार्ग की बनावट का पता चलता है। जरूरत पड़ने पर न्यूक्लियर स्कैन, सीटी स्कैन, MRI आदि होता है।

अधिकांश बीमारियां समय रहते इलाज से ठीक हो जाती हैं। अगर बीमारी पुरानी और क्रॉनिक हो जाती है तो भी कमजोर किडनी को गुर्दा रोग विशेषज्ञ लंबे समय तक संभाल सकता है।

किडनी का कामकाज कृत्रिम रूप से भी चलाया जा सकता है, जिसे रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी कहते हैं। डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांट भी कामयाब हैं।

**बदलें जीवनशैली**

संक्षेप में कहें तो किडनी की बीमारियों से बचने के लिए जीवनशैली में बदलाव लाएं। जीवन में योग को अपनाएं। कसरत ज्यादा करें और खानपान के प्रति सजग रहें। खानपान में अत्यधिक प्रोटीन कहीं ना कहीं किडनी के लिए हानिकारक है। धूम्रपान और बाकी गलत आदतें भी किडनी के हानिकारक हैं। आजकल जो लोग नीम-हकीमी में दर्द की गोली या एंटीबायोटिक लेते हैं, वह किडनी को नुकसान पहुंचाती है। नीम-हकीमों को छोड़ यह बीमारी होते ही ढंग के डॉक्टर के संपर्क में आ जाएं तो किडनी ठीक भी हो सकती है। अगर किडनी कमजोर हो तो एक नैफ्रोलॉजिस्ट इस किडनी को ज्यादा चला सकता है। यहां तक कि फेल होने पर भी उसे चलाने के लिए उसके पास पूरे इंतजाम होते हैं।



भूपत सांवलिया



किरीट ए. चावड़ा

# युवा महिलाओं के लिए खास है अमृत काल

गत वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर मैं भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित समारोह में समापन भाषण दे रही थी। न्याय के बारे में बात करते हुए मुझे अंडर-ट्रायल कैदियों का खयाल आया और उनकी दशा के बारे में विस्तार से बोलने से मैं स्वयं को रोक नहीं पाई। मैंने अपने दिल की बात कही और उसका प्रभाव भी पड़ा। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं आपके साथ, उसी तरह, कुछ विचार साझा करना चाहती हूं, जो सीधे मेरे दिल की गहराइयों से निकले हैं। मैं बचपन से ही समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर व्याकुल रही हूं। एक ओर तो एक बच्ची को हर तरफ से ढेर सारा प्यार-दुलार मिलता है और शुभ अवसरों पर उसकी पूजा भी की जाती है, दूसरी ओर उसे जल्दी ही यह आभास हो जाता है कि उसकी उम्र के लड़कों की तुलना में, उसके जीवन में कम अवसर और संभावनाएं उपलब्ध हैं। एक ओर तो महिलाओं को उनकी सहज बुद्धिमत्ता के लिए आदर मिलता है, यहां तक कि पूरे कुटुंब में सब का ध्यान रखने वाली, परिवार की धुरी के रूप में उसकी सराहना भी की जाती है, लेकिन दूसरी ओर,परिवार से संबध्द, यहां तक कि उसके ही जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में, यदि उसकी कोई भूमिका होती भी है, तो अत्यंत सीमित होती है। ने रीति-रिवाज विगत वर्षों के दौरान - घर के बाहर के वातावरण में - पहले एक छात्रा, उसके बाद एक अध्यापिका और बाद में एक समाज-सेविका के रूप में - मैं इस तरह के विरोधाभासपूर्ण रवैये से हैरान हुए बिना नहीं रह सकी हूं। कभी-कभी मैंने महसूस किया कि व्यक्तिगत स्तर पर हममें से अधिकांश लोग, पुरुषों और महिलाओं की समानता को स्वीकार करते हैं। लेकिन, सामूहिक स्तर पर वही लोग हमारी आधी आबादी को सीमाओं में बांधना चाहते हैं। अपने अब तक के जीवन-काल के दौरान मैंने अधिकांश व्यक्तियों को समानता की प्रगतिशील अवधारणा की ओर बढ़ते देखा है। हालांकि, सामाजिक स्तर पर, पुराने रीति-रिवाज और परंपराएं, पुरानी आदतों की तरह, हमारा पीछा नहीं छोड़ रही हैं। यही, विश्व की सभी महिलाओं की व्यथा-कथा है। धरती-माता की हर दूसरी संतान यानी महिला, अपना जीवन बाधाओं के बीच शुरू करती है। इक्कीसवीं सदी में जहां हमने हर क्षेत्र में कल्पनातीत प्रगति कर



ली है, वहीं आज तक कई देशों में कोई महिला राष्ट्र या शासन की प्रमुख नहीं बन सकी है। दूसरे सीमांत पर, दुर्भा ग्यवश, दुनिया में ऐसे स्थान भी हैं जहां आज तक महिलाओं को मानवता का निम्नतर हिस्सा माना जाता है; और स्कूल जाना भी एक लड़की के लिए जिंदगी और मौत का सवाल बन जाता है!लेकिन ऐसा सदैव नहीं रहा है। भारत में ऐसे काल-खंड भी रहे हैं, जब महिलाएं निर्णय लिया करती थीं। हमारे शास्त्रों और इतिहास में ऐसी महिलाओं का उल्लेख मिलता है, जो अपने शौर्य, विद्वत्ता या प्रभावी प्रशासन के लिए जानी जाती थीं। आज एक बार फिर अनगिनत महिलाएं अपने चुने हुए क्षेत्रों में कार्य करके राष्ट्र निर्मा णमें योगदान दे रही हैं। वे कॉरपोरेट इकाइयों का नेतृत्व कर रही हैं और यहां तक कि सशस्त्र बलों में भी अपनी सेवाएं दे रही हैं। अंतर केवल इतना है कि उन्हें एक साथ दो कार्यक्षेत्रों में अपनी योग्यता तथा उत्कृष्टता सिध्द करनी पड़ती है - अपने करियर में भी और अपने घरों में भी। वे शिकायत भी नहीं करती हैं, लेकिन समाज से इतनी आशा तो जरूर करती हैं कि वह उन पर भरोसा करे। कुल मिलाकर एक विचित्र स्थिति उत्पन्न हुई है। हमारे यहां जमीनी स्तर पर निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं का अच्छा प्रतिनिधित्व है। लेकिन जैसे-जैसे हम ऊपर की ओर बढ़ते हैं, महिलाओं की संख्या क्रमशः घटती जाती है। यह तथ्य राजनीतिक संस्थाओं के संदर्भ में भी उतना ही सच है जितना ब्यूरोक्रेसी, न्यायपालिका और कॉरपोरेट जगत के लिए। ध्यान देने योग्य बात यह है कि जिन राज्यों में साक्षरता दर बेहतर है वहां भी यही स्थिति देखने को मिलती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि केवल शिक्षा के द्वारा ही महिलाओं की आर्थिक और राजनीतिक आत्म-निर्भ रता को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है।

इसलिए मेरा दृढ़ विश्वास है कि समाज में व्याप्त मानसिकता को बदलने की जरूरत है। एक शांतिपूर्ण और समृध्द समाज के निर्मा णके लिए महिला-पुरुष असमानता पर आधारित जड़ीभूत पूर्वा ग्रहों को समझना तथा उनसे मुक्त होना जरूरी है। सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए सुविचारित प्रयास किए गए हैं। परंतु ये प्रयास महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में पर्या प्त सिध्द नहीं हुए हैं। उदाहरण के लिए, शिक्षा प्राप्त करने और नौकरियां हासिल करने में महिलाएं पुरुषों की तुलना में बहुत पीछे रहती हैं। उनके इस पिछड़ेपन का कारण सामाजिक रूढ़ियां हैं न कि कोई साजिश। मैं देश के विभिन्न हिस्सों में अनेक दीक्षांत समारोहों में शामिल हुई हूं। मैंने देखा है कि यदि महिलाओं को अवसर मिलता है तो वे शिक्षा के क्षेत्र में पुरुषों से प्रायः आगे निकल जाती हैं। भारतीय महिलाओं तथा हमारे समाज की इसी अदम्य भावना के बल पर मुझे विश्वास होता है कि भारत महिला-पुरुष के बीच न्याय के मार्ग पर विश्व-समुदाय का पथ-प्रदर्शक बनेगा।

ऐसा हरगिज नहीं है कि आधी मानवता, अर्था त पुरुषों ने दूसरे आधे हिस्से, यानी महिलाओं को पीछे रखकर कोई बढ़त हासिल की है। सच तो यह है कि यह असंतुलन पूरी मानवता को हानि पहुंचा रहा है, क्योंकि मानवता के रथ के दोनों पहिए बराबर नहीं हैं। यदि महिलाओं को निर्णय लेने में शामिल किया जाता है तो न केवल आर्थिक प्रगति में, बल्कि जलवायु से जुड़ी कार्रवाई में भी तेजी आएगी। मुझे विश्वास है कि यदि महिलाओं को मानवता की प्रगति में बराबरी का भागीदार बनाया जाए तो हमारी दुनिया अधिक खुशहाल होगी।

# जेम एंड ज्वेलरी इंडस्ट्री से जुड़ी महिला उद्यमियों का सम्मान
## बिजनेस वुमन को पहली बार गोल्डन गर्ल्स अवाड्र्स

रत्न और आभूषण उद्योग की बहादुर और शानदार महिला उद्यमियों को सम्मानित करने के लिएपहली बार गोल्डन गर्ल्स अवाड्र्स (जी जी ए ) प्रदान किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बुलियन एंड ज्वैलर्सएसोसिएशन ने गोल्डन गर्ल्स विजेता के तौर पर निष्ठाश्री श्रीनिवासन, कोयम्बटूर, राखी बिस्वास देब, गुवाहाटी,अबिरामी संतोष, सलेम, वंदना सराफ, गोरखपुर, पीयूषा न्याती, कोटा, मोना शाह, मुंबई, डॉ रेनिशा चैनानी,अहमदाबाद, अंबिका बर्मन हैदराबाद, ऐश्वर्या गुप्ता, कोयंबटूर, प्रीता अग्रवाल, नई दिल्ली और पूजा मेहता, मुंबई कोसम्मानित किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री पृथ्वीराज कोठारी ने महिला विंग की (राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला विंग-आईबीजेए) ने की , हेतलवकील वालिया की उपस्थिति में होटल सहारा स्टार, मुंबई में उद्योग जगत के दिग्गज यथा जी एंड जे उद्योग आइकनसंजय कोठारी (पूर्व अध्यक्ष-जीजेईपीसी), डॉ चेतन मेहता (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-आईबीजेए), सुरेंद्र मेहता (राष्ट्रीयसचिव-आईबीजेए), आशीष पेठे, (वामन हरि पेठे और पूर्व अध्यक्ष), राजेश बजाज, ( ट्रेड




मीडिया ग्रुप एंटरप्राइजेज)और नीरज गाबा (क्रिएटिव एंटरप्रेन्योर एंड मोटिवेशनल स्पीकर) के आतिथ्य में हुआ। समारोह लक्ष्मी डायमंड्स(डायमंड एंड ज्वैलरी स्पॉन्सर), एमराल्ड ज्वेल इंडस्ट्री इंडिया लिमिटेड (ब्रांडिंग पार्टनर) और श्रृंगार हाउस ऑफमंगलसूत्र प्राइवेट द्वारा प्रायोजित किया गया ।पृथ्वीराज कोठारी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईबीजेए) ने कहा, भारतीय महिलाएं परिवार केन्द्रित होने के साथ कार्य के प्रतिसमर्पित रहती है। जीजीए भारत की उन प्रतिभाशाली महिलाओं को समर्पित है, जिनके भीतर आत्मनिर्भर भारत कीभावना से प्रेरित प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण है ।को सक्षम करने की शक्ति और क्षमता है।सुश्री हेतल वकील वालिया, नेशनल चेयरपर्सन, लेडीज विंग-आईबीजेए ने कहा जीजीए को विशेष रूप से हमारे जेमएंड ज्वैलरी (जीजे) उद्योग के उन आगामी और प्रगतिशील दिग्गजों के लिए तैयार किया जा रहा है, जिन्हें अभी तकउनकी उचित पहचान नहीं मिली है।। संस्था का मानना है कि साहसी उद्यमी प्रशंसा की पात्र हैं।आईबीजेए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. चेतन मेहता ने कहा, "आज, महिलाएं हमारे रत्न और आभूषण उद्योग औरव्यापार सहित हर क्षेत्र में अग्रणी हैं! वास्तव में, वे सदी में जीजे उद्योग की रीढ़ हैं! वे ज्वैलरी डिजाइनिंग से लेकरमैन्युफैक्चरिंग तक हर मोड़ पर अपना योगदान दे रहे हैं!सुरेंद्र मेहता, राष्ट्रीय सचिव-आईबीजेए ने कहा, "हालांकि हम धीरे-धीरे बदलाव देख रहे हैं कि दुनिया महिलाओं कोकैसे देखती है और उनकी सराहना करती है। जीजे इंडस्ट्री आइकन संजय कोठारी, औरपूर्व अध्यक्ष- जीजेईपीसी ने हमारी महिला उद्यमियों को मान्यता देने और प्रोत्साहित करने के लिए रचनात्मक औरअभिनव विचार की सराहना की। उन्होंने कहा, आईबीजेए ने संकेत दिया है कि वे उन्हें सशक्त बना रहे हैं ताकिलैंगिक असमानताओं को खत्म किया जा सके!जीजेसी के पूर्व अध्यक्ष आशीष पेठे ने कहा उद्योग की मुख्य ताकत शुरुआत से ही महिलाओं का कौशल रहा है।महिलाएं पहले से ही मजबूत हैं, हमारी कोशिश यह पता करने में है कि दुनिया ने नारी शक्ति को कैसे माना ।कार्यक्रम की संयोजक रीना शुक्ला ने कहा, महिला एक पूर्ण चक्र का प्रतिनिधित्व करती है। उसके भीतर सृजन,पोषण और परिवर्तन की शक्ति निहित है। यह शक्ति और सौंदर्य न केवल शारीरिक, बल्कि भावनात्मक और बौद्धिकप्रकृति का भी है। नीरज गाबा, क्रिएटिव एंटरप्रेन्योर और मोटिवेशनल स्पीकर ने कहा, "महिला ऊर्जा सभी रचनाओंका स्रोत है।सदियों पुराने प्रमुख व्यापार संगठन इंडिया बुलियन एसोसिएशन की लेडीज़ विंग ने भारत की पहली नई-नईअवधारणा गोल्डन गर्ल्स अवार्ड प्रस्तुत किया। यह उचित ही है कि आईबीजेए महिला विंग की आधिकारिक शुरुआत८ मार्च को है, उसी दिन को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस महत्वपूर्ण घटना के महत्व के कारण, सभी रत्न और आभूषण व्यापार पत्रिकाएं जैसे कि आर्ट ऑफ ज्वैलरी, रिटेलज्वेलर, ज्वेल बज़, ज्वैलरी न्यूज़ इंडिया, ज्वैलरी ज़ोन, ज्वैलरी भविष्य, ज्वैलरी इन्फोमीडिया और ज्वैलरी मार्केटधूम। इसके साथ जुड़ा हुआ है.

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मनपा द्वारा विकलांग बच्चों की माताओं का सम्मान



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मीरा-भायंदर आयुक्त के निर्देशानुसार महिला एवं बाल कल्याण विभाग के माध्यम से तमाम तरह के योजना महिलाओ के लिए लागू किया गया। इसी क्रम मे मीरा भायंदर शहर में 15 विकलांग बच्चों की माताओं का सम्मान मीरा-भायंदर की विधायिका गीता जैन और आयुक्त दिलीप ढोले की मौजूदगी में किया गया। मनपा आयुक्त ने कहा कि मीरा भायंदर मनपा कार्यक्षेत्र मे महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। मनपा द्वारा महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने अब तक मनपा में महिलाओं के लिए विभिन्न उपायों को लागू किया है। इसी प्रकार इंदिरा गांधी अस्पताल में महिलाओं के लिए मैमोग्राफी मशीन उपलब्ध करा दी गई हैउक्त मैमोग्राफी मशीन के माध्यम से डॉक्टर की उचित सलाह के अनुसार महिलाओं की स्तन कैंसर की जांच संभव हो पाई है।कमिश्नर ने कहा गया कि उक्त महिला भवन का निर्माणमहिलाओं को सशक्त बनाने व उन्हें स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। उक्त अवसर पर उपायुक्त (महिला एवं बाल कल्याण) कल्पिता पिंपले के उपस्थित में 10 मार्च 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मीरा भायंदर कस्बे में विकलांग बच्चों की माताओं को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक गीता जैन व आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले के हाथो किया गया।तत्पश्चात बताया गया कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसका उद्देश्य क्लॉथ बैग मेकिंग ट्रेनिंग, मेहंदी और नेल आर्ट ट्रेनिंग, फैशन डिज़ाइन ट्रेनिंग, ड्राइवर ट्रेनिंग, बेसिक कंप्यूटर टैली ट्रेनिंग, जूडो कराटे ट्रेनिंग, MS-CIT ट्रेनिंग,वेब डिज़ाइन ट्रेनिंग और योगा ट्रेनिंग आदि जैसे 9 प्रशिक्षण देकर महिलाओं को सशक्त बनाना है। आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले ने सभी महिलाओं से अपील किया उक्त प्रशिक्षण केंद्र मे अधिक से अधिक महिलाएं भाग ले इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानपट्टे अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मनोरकर, उपायुक्त (मुख्यालय) मारुति गायकवाड़,उपायुक्त (महिला एवं बाल कल्याण) कल्पिता पिंपले, उपायुक्त (पार्क) संजय शिंदे, उपायुक्त (जन स्वास्थ्य) रवि पवार, पूर्व नगरसेवक, नगरपालिका महिला अधिकारी, कर्म चारी व महिला वर्ग मौजूद रहे।

### उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**सोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया कि उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को अपने पश्चिमी तट से समुद्र की ओर छोटी दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ' ने कहा, मिसाइल को पश्चिमी तटीय शहर नम्पो के आसपास के इलाके से दागा गया। हालांकि दक्षिण कोरिया की सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि मिसाइल कितनी दूरी तक गई। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने मंगलवार को चेतावनी दी थी कि उनका देश अमेरिका और दक्षिण कोरिया के खिलाफ 'शीघ्र एवं अत्यंत उग्र कदम' उठाने के लिए तैयार है।

### जनगणना टीम की सुरक्षा में तैनात पुलिस पर हमला

**पेशावर** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में जनगणना टीम की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस वैन पर बुधवार को हुए आतंकी हमले में एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया, खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल जिले में अज्ञात आतंकियों ने जनगणना टीम की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस वैन पर गोलीबारी की। अधिकारियों के मुताबिक, गोलीबारी के बाद आतंकी घटनास्थल से फरार हो गए। उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने क्षेत्र में व्यापक तलाश अभियान शुरू किया। घायल सुरक्षा अधिकारियों को डेरा इस्माइल के जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पूर्व ISI चीफ के खिलाफ हो रही भ्रटाचार की जांच

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि देश की सबसे बड़ी खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार की जांच की जा रही है। डॉन समाचारपत्र ने बृहस्पतिवार को गृहमंत्री के प्रेस कांफ्रेंस कें दिए गए बयान के हवाले से कहा कि आईएसआई के पूर्व प्रमुख और उनके भाई के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के एका करने को लेकर जांच चल रही है। समाचारपत्र की रिपोर्ट के अनुसार अपने बचाव में जनरल हामिद ने कहा है कि यह निर्णय सेनाध्यक्ष (जनरल क़मर जावेद बाजवा) लिए हैं।

### इमरान के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट

**इस्लामाबाद।** दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान की एक अदालत ने सरकारी संस्थानों के खिलाफ उकसाने के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ बृहस्पतिवार को गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

# मध्य रेल मुंबई मंडल द्वाराअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

गणेश पाण्डेय मुम्बई: मध्य रेल के महाप्रबंधक नरेश लालवानी के अगुवाई मे पूरे मध्य रेल में बहुत उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मध्य रेल मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए स्टाफ बेनिफिट फंड के तत्वावधान में एक समारोह आयोजित किया गया था और इसकी अध्यक्षता नरेश लालवानी,महाप्रबंधक मध्य रेल शोभना लालवानी, अध्यक्षा मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा की गई।नरेश लालवानी ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व भर में हर साल एक थीम पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 की थीम, डिजिटऑल: इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फ़ॉर जेंडर इक्वलिटी हैउन्होंने आगे कहा कि, आज का दिन आभार व्यक्त करने



और समाज को यह महसूस कराने का दिन है कि महिलाएं पुरुषों के समान हर पहलू में समान रूप से हकदार हैं। महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं को विकास प्रक्रिया की मुख्य धारा में लाना है।रेलवे की महिला कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि लगभग हर व्यापार या विभाग में महिला कर्मचारी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं।

जैसा कि हम कारखानों में महिलाओं को विभिन्न प्रकार के अपरंपरागत व्यवसायों में लगे हुए देखते हैं, हम देख सकते हैं कि वे इस अवसर पर आगे बढ़ रही हैं और चुनौतियों को स्वीकार कर रही हैं। इस भरोसे को टूटने से बचाने के लिए मिलकर काम करना अब हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।आत्मनिर्भर भारत के तहत कम्प्यूटर कोर्स पूरा करने वाली 20 महिला रेलवे कर्मचारियों को लेवल-1 का सर्टिफिकेट और रेलवे कर्मचारियों की आश्रित 4 महिला बेटियों को सिलाई मशीन भेंट की गई।महाप्रबंधक और उपस्थित अतिथियों द्वारा 'रेलवे में महिला सशक्तिकरण के लिए कल्याण उपाय' पर एक पुस्तिका और कर्मचारी लाभ निधि योजनाओं पर दो पोस्टर जारी किए गए। आलोक सिंह, अपर महाप्रबंधक, डॉ. ए.के. सिन्हा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी और अध्यक्ष सीएसबीएफ तथा, मध्य रेल के विभागों के प्रधान प्रमुख रजनीश कुमार गोयल, मंडल रेल प्रबंधक, मुंबई मंडल और अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इसी तरह की गतिविधियां मुंबई, पुणे, नागपुर, सोलापुर और भुसावल मंडलों पर भी आयोजित की गईं।

# पश्चिम रेलवे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम



संवाददाता, पश्चिम रेलवे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया,जिसमें विशेष रूप से रेल महिला कर्मचारियों के लिए सप्ताह भर चलने वाली विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। 9 मार्च, 2023 को पश्चिम रेलवे की 24 महिला कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और रेलवे में योगदान के लिए सम्मानित करने के साथ समारोह का समापन हुआ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा जारी दी गयी जानकारी अनुसार इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अभियान का विषय "एम्ब्रेस इक्विटी" दुनिया को इस बारे में बताने का प्रयास करता है कि महिलाओं को "समान अवसर क्यों पर्याप्त नहीं हैं"। सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों की शुरुआत 23 फरवरी, 2023 को एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम: प्राकृतिक चिकित्सा और योग संगोष्ठी के ज़रिये हुई। उसी दिन, "साइबर अपराध और सोशल मीडिया" पर एक जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया। यह वार्ता प्रतिभागियों द्वारा बहुत पसंद की गई क्योंकि महिलाओं ने इस तेजी से बदलती डिजिटल दुनिया में इसे प्रासंगिक और समृद्ध विषय पाया।

28 फरवरी, 2023 को अपशिष्ट प्रबंधन पर एक सेमिनार और सेल्फ ग्रूमिंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। समारोह को जारी रखते हुए, 3 मार्च, 2023 को पश्चिम रेलवे के चर्चगेट स्थित मुख्यालय में "आनंद मेला" का आयोजन किया गया। मेले में कर्मचारियों के लिए अपनी विभिन्न प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए रंगोली, मेहंदी और भाषण प्रतियोगिताएं शामिल थीं। फैशन शो, फूड स्टॉल, गेम्स, स्पॉट प्राइज आदि आनंद मेले के कुछ मुख्य आकर्षण थे।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का समापन 9 मार्च, 2023 को उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को कार्यस्थल और समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करने के साथ हुआ। पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (WRWWO) की अध्यक्षा और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षमा मिश्र द्वारा 24 उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल और समाज में उनके योगदान के लिए स्वयंसिध्द पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके बाद पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र द्वारा एक पुस्तिका "स्वयंसिद्ध" का विमोचन किया गया। पुस्तिका में महिलाओं और बालिकाओं के उत्थान के लिए स्टाफ बेनिफिट फंड (SBF) के तहत विभिन्न अनुदानों, महिला कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपायों, महिलाओं के लिए संवैधानिक अधिकार, महिलाओं के लिए कानूनी अधिकार, स्वास्थ्य मार्गदर्शन, आहार चार्ट, आदि का वर्णन किया गया है और यह एक आसान गाइड बुक है। तत्पश्चात महाप्रबंधक मिश्र ने पुरस्कार समारोह में उपस्थित सभी महिला कर्मचारियों को प्रेरक भाषण दिया। समारोह में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्यों, पश्चिम रेलवे की महिला अधिकारियों और महिला कर्मचारियों ने भाग लिया।ठाकुर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए महिला सशक्तिकरण पर वर्कशॉप, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन प्रतियोगिताएं, अधिकारों के बारे में विचार-मंथन आदि आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त अन्य चिकित्सा प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग से लाभ और महिलाओं से संबंधित अन्य चिकित्सा मुद्दों पर स्वास्थ्य चर्चा कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली पर विशेष ध्यान देते हुए साइबर सुरक्षा और बैंकिंग पर सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की गईं। महिलाओं के विशेष संदर्भ में यूएमआईडी और एचआरएमएस और अन्य नियमों और कल्याणकारी गतिविधियों पर पुस्तिकाएं इश्यू की गईं।

# बच्चू कडू के बयान पर कांग्रेस ने असम में सरकार को घेरा
## *असम विधानसभा में महाराष्ट्र विधायक के बयान पर बवाल*



गुवाहाटी: असम विधानसभा के बजट सत्र का पहला दिन ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। जहां विपक्ष ने महाराष्ट्र के विधायक ओमप्रकाश बाबाराव उर्फ बच्चू कडू की आवारा कुत्ते वाली टिप्पणी का मुद्दा उठाया। शुक्रवार को विपक्षी विधायकों के हंगामे से राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को भाषण रोकना पड़ गया।

हालांकि, 15 मिनट बाद उन्होंने फिर से बोलना शुरू किया। कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने सबसे पहले इस मुद्दे को उठाया। कांग्रेस विधायक की ओर से कहा गया कि असम के लिए इतनी विवादित टिप्पणी के बाद भी सरकार क्यों चुप्पी साधे है? बच्चू कडू ने असम को लेकर दिया था विवादित बयान

अचलपुर के निर्दलीय विधायक और प्रहार जनशक्ति पार्टी के नेता बच्चू कडू ने असम को लेकर विवादित बयान दिया था। जिसमें कडू ने कहा था कि, 'महाराष्ट्र के सभी आवारा कुत्तों को असम भेजा जाना चाहिए। क्योंकि असम में लोग कुत्ते के मांस का बहुत अधिक सेवन करते हैं और यह एक व्यवहारिक समाधान है।' कडू ने यह टिप्पणी महाराष्ट्र विधानसभा में आवारा कुत्तों से होने वाले खतरे के बारे में बहस के जवाब में की। जिसे विधायक प्रताप सरनाइक और अतुल भातखलकर ने उठाया था। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कांग्रेस विधायक ने कहा कि, 'असम पुलिस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा को एक टिप्पणी के लिए दिल्ली हवाई अड्डे से उतार सकती है। लेकिन वही पुलिस कडू के बयान पर पूरी तरह से निष्क्रिय है। महाराष्ट्र के विधायक ने असम के मूल निवासियों का अपमान किया। इसके बाद भी असम सरकार और पुलिस एक कदम भी नहीं उठा सकी। पुरकायस्थ ने असम सरकार के इस दावे पर भी निशाना साधा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। शिवसागर विधायक अखिल गोगोई भी पुरकायस्थ के साथ शामिल हो गए। उन्होंने महाराष्ट्र विधायक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की मांग की। विपक्ष के कई विधायक सत्ता पक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते देखे गए। असम प्रदेश महिला कांग्रेस की नेता बनश्री गोगोई ने इससे पहले गुवाहाटी के दिसपुर पुलिस स्टेशन में बच्चू कडू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।


स्वर्गवास : 08/03/2023
भावपूर्ण श्रद्धांजली
स्व. वसु बा
शोकसभा : 13-3-2023 सोमवार सुबह 9.15 बजे से 12.15 बजे तक
स्थान : 103, कृष्णा रॉ हाउस, मानसरोवर सोसइटी के पास डिंडोली सूरत
शोकाकुल परिवार : हितेश भाई ब्रमभट, जिग्नेशभाई, धर्मेशभाई, ध्रूवभाई, अनुज तिलक
संपर्क 9712374999 / 8487889677
मुंबई तरंग परिवार की तरफ से भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# तनाव 'संक्रामक' हो सकता है: जैसे खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है, स्ट्रेस की स्थित भी कुछ ऐसी ही है


राज के.वेगड़

संक्रामक बीमारियां जानते हैं न? जिसके एक व्यक्ति से दूसरे में फैलने का खतरा होता है। कोरोना महामारी का दौर इसका हालिया उदाहरण है, पहले भी चेचक, फ्लू जैसे संक्रमण होते रहे हैं। पर क्या आप विश्वास करेंगे अगर आपको यह बताया जाए कि स्ट्रेस यानी मानसिक तनाव की स्थिति भी संक्रामक हो सकती है? वास्तविकता यही है कि तनाव भी एक से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। भले ही यह बात काफी आश्चर्यजनक लग रही हो पर इस विषय पर किए गए कई शोध में दावा किया गया है कि अगर आपके आसपास किसी को तनाव की समस्या है तो इसका आप पर भी असर होने का जोखिम हो सकता है। इसके पीछे असल में वही फंडा काम करता है जो सोते व्यक्ति को देखने से नींद आने, जम्हाई लेते व्यक्ति को देखकर जम्हाई लेने और हंसते व्यक्ति को देखकर बिना मौज़ू जाने हंसी आने के लिए होता है।

मनोवैज्ञानिकों की टीम ने कई वर्षों तक इस थ्योरी पर शोध किया। इसमें पाया गया कि हमारी दिमाग की कोशिकाएं कुछ विशेष कार्यों को देखकर एक्टिव हो जाती हैं और वही हार्मोन्स रिलीज करने लगती हैं, जिससे आप सामने वाले की तरह अनुभूति कर सकें।

'तनाव की संक्रामकता' को सिद्ध करते कई शोध जर्नल करंट बायोलॉजी में साल 2013 में इससे संबंधित एक पेपर प्रकाशित हुआ जिसमें शोधकर्ता ओंने दावा किया कि तनाव संक्रामक हो सकता है।



यानी कि इसके एक व्यक्ति से दूसरे में फैलने होने की आशंका हो सकती है। यदि आप स्ट्रेस से परेशान लोगों के संपर्क में अधिक रहते हैं तो इसकी अधिक आशंका है कि आप भी इसका अनुभव कर सकते हैं। "मिरर न्यूरॉन्स" के माध्यम से भावनाएं एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में प्रसारित हो सकती हैं। ये मस्तिष्क की कोशिकाएं हैं जो किसी व्यक्ति द्वारा कुछ विशेष क्रिया करते हुए देखने पर सक्रिय होती हैं। उदाहरण के लिए आपके सामने अगर कोई जम्हाई लेता है, यदि कोई व्यक्ति बहुत थकान या नींद में है तो ये कोशिकाएं सक्रिय होकर आपको भी इसी तरीके का अनुभव कराने लगती हैं।इसके बाद साल 2014 में जर्नल साइकोन्यूरोएंडोक्रिनोलॉजी में भी प्रकाशित एक पेपर में शोधकर्ता ओं ने दावा किया कि किसी तनावग्रस्त व्यक्ति के संपर्क में रहना, हमारे शरीर को भी कोर्टिसोल हार्मोन को रिलीज करने के लिए प्रेरित कर सकता है। कोर्टिसोल हार्मोन, तनाव प्रतिक्रिया के लिए जिम्मेदार मानी जाती है। इस तरह की स्थिति को विशेषज्ञों ने 'एम्पेथिक स्ट्रेस' नाम दिया है। इसमें हम जब किसी प्रियजन या करीबी दोस्त को संकट में देखते हैं तो यह हमारे भीतर भी तनाव और चिंता को बढ़ाने लगती है। हालांकि किसी को खुश देखकर क्या हमें भी खुशी महसूस होती है? इस स्थिति में ये न्यूरांस किस प्रकार से काम करते हैं, क्या इस स्थिति में डेपामाइन-सेरोटोनिन (खुशी महसूस कराने वाले न्यूरोट्रांसमीटर्स) भी रिलीज होने लगता है, इस बारे में अध्ययनों में स्पष्ट विवरण नहीं है। कनाडा स्थित डलहौजी यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान और न्यूरोसाइंस की प्रोफेसर तारा पेरोट कहती हैं, निश्चित रूप से किसी अन्य व्यक्ति की भावनाओं, विशेष रूप से नकारात्मक भावनाओं का हमपर भी असर हो सकता है। पर सभी के साथ ऐसा हो यह भी जरूरी नहीं है। आपने भी कई बार देखा होगा कि गाड़ी चलाते हुए ड्राइवर के पास से ऐसे लोगों को हट जाने के लिए कहा जाता है जिन्हें नींद आ रही होती है, माना जाता है कि सोते हुए व्यक्ति को देखकर ड्राइवर को भी झपकी आने का खतरा रहता है। इसमें भी वही न्यूरांस की भूमिका मानी जाती है, जो स्ट्रेस को एक से दूसरे व्यक्ति में फैला सकते हैं।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में न्यूरोसाइंस के प्रोफेसर जो हर्ब र्ट कहते हैं, भावनाओं का संप्रेषण 'सर्वा इवल मैकेनिज्म' का एक हिस्सा है, यह जरूरी भी है। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति को खतरनाक स्थिति का पता लगाता है और इसपर वह भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया करता है, तो यह संकेत दूसरों को भी सचेत कर देता है, भले ही उन्होंने उस समस्या को अनुभव न किया हो, फिर भी वह अलर्ट हो जाते हैं। तनाव की स्थिति में भी ऐसा ही है। भावनाओं का यह स्थानांतरण एक अवचेतन क्रिया है। सिर्फ इंसानों के साथ ही नहीं जानवर भी अपने साथियों की भावनाओं को उसी रूप से एहसास करते हैं। इस बारे में चूहों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि अगर चूहों के किसी समूह में एक को भी तनाव की समस्या है, तो उसके साथी चूहों में भी कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, भले ही बाकियों ने स्वयं तनावपूर्ण स्थिति की अनुभव न किया हो। तनाव भी जरूरी है

वैसे अगर आपको लगता है कि तनाव की स्थिति हमेशा नकारात्मक है, या फिर नहीं होना चाहिए तो थोड़ा रुकिए। शरीर के स्वस्थ कार्यों के लिए तनाव भी वैसी ही जरूरी प्रतिक्रिया है जैसे चोट लगने पर सूजन होना। सभी तनाव एक समान नहीं होते हैं।

# इन पांच चीजों को खाने से बढ़ती है बाल झड़ने की समस्या, हेयर फॉल रोकने के लिए कम करें सेवन




चार्ल्स पटेल

काले घने बालों की चाह हर किसी को होती है। बालों को सुंदरता के प्राकृतिक माध्यम के तौर पर देखा जाता है। लड़के हों या लड़कियां हर कोई काले घने बालों की चाहत रखता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनशैली, गलत खान पान और प्रदूषित वातावरण के कारण बाल झड़ने की समस्या बढ़ती जा रही है। कम उम्र में ही लोगों के बाल झड़ने लगते हैं। महिलाओं से ज्यादा बाल झड़ने की समस्या पुरुषों में देखने को मिल रही है। अधिकतर पुरुष उम्र से पहले ही गंजेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। बाल झड़ने से परेशान महिलाओं से लेकर पुरुष तक कई तरह के घरेलू नुस्खे, हेयर ऑयल, शैंपू और प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन कई बार इसका उल्टा ही असर हो जाता है। रूसी, पतले बाल, गंजेपन की शिकायत बढ़ने लगती है। ऐसे में अगर आप भी बाल झड़ने की समस्या से परेशान तो शुरुआत खानपान से करें। विशेषज्ञों के मुताबिक कुछ चीजों के सेवन से हेयर फा ॅल अधिक होता है। अनजाने में लोग ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करते रहते हैं। इसलिए हेयर फॉल रोकने के लिए उन चीजों का सेवन कम कर दें, तो बालों के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। चलिए जानते हैं किन फूड के सेवन से बाल झड़ने की समस्या बढ़ती है।



**चीनी**

चीनी का ज्यादा सेवन कई तरह की बीमारियों को बढ़ावा देता है। चीनी शरीर के लिए हानिकारक हो सकती है। एक अध्ययन के मुताबिक, मधुमेह के रोगियों में इंसुलिन प्रतिरोध बनता है, जिसके कारण उनके बाल झड़ने लगते हैं। अधिक वजन होने पर भी बाल झड़ने की समस्या हो सकती है। सही समय पर इस पर काबू न पाया जाए तो गंजेपन का कारण भी बन सकता है। इसलिए चीनी का सेवन कम से कम करना चाहिए।

**शराब**

शराब का सेवन किसी भी तरह से अच्छा नहीं होता। शराब पीने से मानसिक और शारीरिक तौर पर कई नुकसान होते हैं। आपके बालों पर भी शराब का असर पड़ता है। दरअसल बाल केराटिन नाम के प्रोटीन से बनते हैं। शराब का सेवन प्रोटीन पर नकारात्मक असर डालता है और बाल कमजोर होकर झड़ने लगते हैं।

**कच्चा अंडा**

अंडा सेहत के लिए फायदेमंद होता है, खासकर बालों के लिए अंडा बहुत उपयोगी माना जाता है लेकिन उसे इस्तेमाल करने का एक सही तरीका होता है। कच्चे अंडे का सेवन बालों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। कच्चे अंडे की सफेदी का सेवन करने से बायोटिन की कमी हो जाती है। बालों के प्रोटीन का काम करने वाले केराटिन के बनाने में बायोटिन मदद करता है। ऐसे में कच्चा अंडा खाने के बजाए पका हुआ अंडा खाना चाहिए।

**जंक फूड**

आजकल बच्चों से लेकर युवाओं तक में जंक फूड का सेवन बढ़ गया है। जंक फूड सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होता है। जंक फूड में सैचुरेटेड और मोनोअनसैचुरेटेड फैट पाया जाता है। जिसके कारण मोटापा बढ़ने के साथ ही हृदय संबंधी बीमारियां हो सकती है। बाल झड़ने की समस्या भी होने लगती है। स्पाइसी और तैलीय खाद्य पदार्थ का सेवन स्कैल्प को चिकना करता है, इससे रोम छिद्र छोटे हो सकते है और बाल झड़ने की समस्या बढ़ जाती है।

**मछली**

मछली का सेवन भी बाल झड़ने की समस्या को बढ़ा सकता है। मछली में मरकरी का स्तर बहुत ज्यादा होता है। जिसके सेवन से बाल झड़ने लगते हैं। इसलिए हेयर फा ॅल से परेशान हैं तो मछली का सेवन कम कर दें।

# सुबह चाय-कॉफी की जगह इन पेय पदार्थों से करें दिन की शुरूआत, सेहत को मिलेगा लाभ


महेक जोबनपुत्रा

कहा जाता है कि सुबह की शुरुआत अच्छी होती है, तो पूरा दिन अच्छा जाता है। पूरा दिन तरोताजा रहने और शरीर स्वस्थ रखने के लिए सुबह के समय किया जाने वाला सेवन सेहतमंद होना चाहिए। अधिकतर लोग अपने दिन की शुरुआत चाय या कॉफी से करते हैं लेकिन चाय या कॉफी की आदत सेहत के लिए नुकसानदायक है। अध्ययन के मुताबिक, सुबह खाली पेट चाय-कॉफी पीने से एसिडिटी और पेट संबंधी कई बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए सुबह चाय-कॉफी पीने के जगह कुछ ऐसे पेय पदार्थों का सेवन करना चाहिए जो एनर्जी से भरपूर हों और शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करें। कई ऐसी मा ॅर्निंग ड्रिंक्स हैं, जिन्हें सुबह सुबह पीने से सेहत को लाभ होता है। आगे जानिए चाय-कॉफी की जगह सुबह किन पेय पदार्थों के सेवन से करनी चाहिए दिन की शुरुआत।



**दूध**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, सुबह के नाश्ते में चाय के बजाए दूध पीने की आदत डालें। दूध को काफी पौष्टिक माना जाता है। विटामिंस, कैल्शियम की मात्रा से भरपूर दूध के नियमित सेवन से हड्डियां और दांत मजबूत होते हैं। सुबह दूध का सेवन पूरा दिन ऊर्जावान बनाए रखता है। ऐसे में प्रतिदिन सुबह के नाश्ते में दूध का सेवन करना चाहिए।

**गुनगुना नींबू पानी**

नींबू पानी को ऊर्जा देने वाला ड्रिंक कहा जाता है। गर्मियों में आप वैसे तो कभी भी नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं, जो डिहाइड्रेशन की समस्या को कम करता है लेकिन सुबह सुबह गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से शरीर को अधिक लाभ मिलता है। सुबह खाली पेट गुनगुना नींबू पानी पाचन तंत्र और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाता है। वजन बढ़ने से रोकता है और दिन की शुरुआत भी अच्छी होती है।

**नारियल पानी**

सेहत के लिहाज से नारियल पानी भी लाभदायक है। नारियल पानी को एनर्जी ड्रिंक माना जाता है। सुबह नारियल पानी के सेवन से पूरे दिन ऊर्जा की कमी महसूस नहीं होती। नारियल पानी में वसा और शुगर की मात्रा काफी कम होती है। इसलिए नारियल पानी का सेवन स्वास्थ्य के लिए हर तरह से अच्छा है।

**जूस**

सुबह ताजे फलों का जूस का सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। जूस शरीर को एनर्जी देता है, साथ ही सेहत को मजबूत बनाता है। वैसे तो सुबह आप कई तरह के जूस का सेवन कर सकते हैं।

# साप्ताहिक राशि भविष्यफल

**मेष** : इस सप्ताह आपको अपनी जीवनशैली में सुधार करने होंगे। वरना स्वास्थ्य को लेकर बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। आपको काम का ज्यादा बोझ लेने से बचना होगा। इस सप्ताह आर्थिक लाभ अच्छे प्राप्त होंगे लेकिन निवेश करने से पहले सारे पक्ष अच्छे से सोच विचार कर लें। यदि पूर्व में अपने करियर में कुछ निराशा हुई है तो इस सप्ताह अच्छी खबरें मिलने लगेंगी।

**वृषभ** : इस सप्ताह मानसिक शांति की कमी अनुभव होगी, जिससे आपके विचलित रहेंगे। हालांकि आपके व्यक्तित्व के कारण कई लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। समाज में कोई सम्मान प्राप्त होगा, लोकप्रियता बढ़ेगी। इस सप्ताह आजीविका के साधनों में उत्तम परिणाम प्राप्त होने के योग हैं। नौकरी और व्यवसाय में उत्तम कर पाएंगे।

**मिथुन** : इस सप्ताह आपको स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना होगा। खानपान का ध्यान रखें। इस सप्ताह आर्थिक मामलों में सतर्क रहने की सलाह है। किसी के कहने में आकर बिना सोचे समझे पैसे का निवेश हानि दे सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का अवसर आएगा। पारिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

**कर्क** : इस सप्ताह स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना होगा। पुराने रोग उभर सकते हैं। सप्ताह में वित्तीय लाभ अच्छे मिल सकते हैं। जीवनसाथी की मदद से बड़े लाभ प्राप्त करेंगे। नया कार्य प्रारंभ करने के लिए भी समय शुभ है। कार्यस्थल पर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हर चीज आपके विरुद्ध जाएगी।

**सिंह** : इस सप्ताह सेहत ठीक रहेगी, लेकिन लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें। अचानक धन लाभ होगा, परंतु इस धन की बचत करने की जरूरत होगी, अन्यथा व्यर्थ में व्यय होगा। आर्थिक सतर्कता रखें अन्यथा धन हानि संभव है। घर-परिवार में किसी वाद-विवाद की परिस्थिति में पड़ने से बचें।

**कन्या** : इस सप्ताह स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान दें। योग, ध्यान अवश्य करें। इससे मानसिक और शारीरिक सेहत में सुधार आएगा। इस सप्ताह आपको भूमि, संपत्ति से जुड़े कार्यों ध्यान देने की जरूरत है। इन योजनाओं में निवेश के लिए समय उत्तम है। परिवार और रिश्तेदारों के साथ संबंधों को फिर जीवित करने का प्रयास करें। कार्यस्थल पर किसी भी विपरीत लिंगी व्यक्ति से परेशानी हो सकती हे।

**तुला** : इस सप्ताह स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। दूसरों की नकारात्मक बातों पर ध्यान न देते हुए स्वयं की प्रसन्नता पर फोकस करेंगे तो अधिक सुखी रहेंगे। अपने आर्थिक पक्ष को मजबूत करने के लिए प्रयास करें, इसमें परिवार के अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य लें। अपने कार्यक्षेत्र में लाभ और उन्नति प्राप्त होगी। व्यवसाय में नए आयाम स्थापित कर सकते हैं।

**वृश्चिक** : इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। इस सप्ताह प्रसन्न होने के अनेक अवसर आएंगे। परिवार में माहौल खुशनुमा रहेगा। धन लाभ होगा किंतु खर्च की भी अधिकता रहेगी। इसलिए धन को संचय करने के प्रयास करें। कार्य स्थल पर स्थिति आपके पक्ष में रहेगी। पदोन्नति होगी। व्यापारी वर्ग प्रसन्न रहेंगे।

**धनु** : सप्ताह में सोचे कार्य सभी पूरे होंगे। लाभ के अनेक अवसर आएंगे उनमें से अपने लिए श्रेष्ठ का चयन आपको करना होगा। अवसरों का लाभ उठाने का पूरा प्रयास करें। आर्थिक दृष्टि से सप्ताह लाभप्रद है। पुराने निवेश से लाभ अर्जित करेंगे। फंसा हुआ पैसा लौट आएगा। परिवार और मित्रों के साथ पर्यटन का अवसर आएगा।

**मकर** : इस सप्ताह सेहत को लेकर सजग रहने की आवश्यकता है। अधिक यात्राएं करने से बचें। कारोबारियों को आर्थिक हानि होने की आशंका है। किसी भी व्यक्ति पर बिना सोचे समझे विश्वास करना नुकसानदायक हो सकता है। नौकरीपेशा लोगा अपने काम से काम रखें, व्यर्थ की बातों से ध्यान हटाएं। परिवार और मित्रों का सहयोग प्राप्त रहेगा।

**कुंभ** : स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति के लिए सप्ताह शुभ नहीं कहा जा सकता। अचानक बड़ी धनराशि की जरूरत पड़ सकती है। नौकरी में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारी वर्ग सतर्क रहते हुए कार्य करें। कर्ज लेकर काम का विस्तार न करें। भूमि, संपत्ति में निवेश कर सकते हैं किंतु बिना पढ़े समझे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर न करें।

**मीन** : इस सप्ताह अनेक यात्राओं के योग बन रहे हैं। पारिवारिक कार्य से या प्रोफेशनल कार्यों से यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। किसी को उधार देने से पहले विचार कर लें, पैसा फंसने के योग हैं। घर-परिवार में माहौल सुखद रहेगा लेकिन बीच में किसी बात को लेकर गलतफहमी हो सकती है। नौकरी और व्यापार में उन्नति के योग हैं। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। प्रेम संबंध मजबूत रहेंगे।

# चुटकुले

पप्पू - तूने अपनी सगाई क्यों तोड़ दी ?
चप्पू- अरे यार, उसका कोई बॉयफ्रेंड नहीं था
पप्पू - तो?
चप्पू- जो आज तक किसी की ना हो सकी,
वो मेरी क्या होगी

बैंक कर्म चारी(फोन पर): मैडम आपका अकाउंट हैक हो गया है.
महिला- WhatsApp अकाउंट?
बैंक कर्म चारी- नहीं मैडम, बैंक अकाउंट.
महिला- थैंक गॉड...आपने तो मुझे डरा ही दिया था...

बस स्टैंड पर खड़ी पड़ोस की लड़की से फिल्मी स्टाइल में पप्पू बोला...
पप्पू- प...प...प...प्रिया...तेरी आंखों में मुझे मेरी पत्नी नजर आ रही है...
लड़की- थप्पड़ लगाकर बोली...सूरत देखी है?
पप्पू- नहीं, बस एक बार अहमदाबाद तक गया हूं।

गोपाल (डॉक्टर से)- आपने नर्स बहुत अच्छी रखी है, उसके हाथ लगाते ही में ठीक हो गया
डॉक्टर- मैं जानता हूं.. थप्पड़ की आवाज बाहर तक आई थी।

पत्नी - सुनो मेरे मुंह में मच्छर चला गया, अब क्या करूं?
पति - पगली ऑल आउट पी ले।
छह सेकंड में काम शुरू।
पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से से लाल हो गई।

# इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के ट्रायल रन के साथ पीसीईई निरीक्षण पूरा

एक बार 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लेने के बाद, भारतीय रेलवे भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में एक गेम चेंजर बनने जा रहा है और देश के लिए अपने माल और यात्री खंड को विकसित करने का एक बड़ा अवसर है। रेलवे विद्युतीकरण के लिए केंद्रीय संगठन (कोर) के तहत रेलवे विद्युतीकरण, अहमदाबाद इकाई ने वडोदरा डिवीजन के कपडवंज-मोदासा खंड (आरकेएम 59.67 टीकेएम 60.54) खंड को चालू करके एक और उपलब्धि हासिल की है। जी.एस. भवरिया, प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर पश्चिम रेलवे द्वारा सफल निरीक्षण के बाद उत्कृष्ट कार्य हासिल किया गया है, नव विद्युतीकृत खंड में माल और यात्री ट्रेन खोलने के लिए अनिवार्य है। अनिवार्य निरीक्षण पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के शाखा अधिकारी के साथ किया गया था। पीसीईई/डब्ल्यूआर को सेक्शन की पेशकश करने से पहले, सेक्शनल स्पीड पर इलेक्ट्रिक लोको का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। जी एस भवरिया, पीसीईई/डब्ल्यूआर ने 59.67 आरकेएम और 60.54 टीकेएम की अनुभागीय लंबाई के तहत कपडवंज-मोदासा सेक्शन के



तकनीकी पहलू और ओएचई प्रणाली की विश्वसनीयता और सुरक्षा में सुधार की सलाह दी। वड़ोदरा डिवीजन के कपडवंज-मोडासा सेक्शन सहित कोर/इलाहाबाद के तहत अहमदाबाद की रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन यूनिट द्वारा कमीशन किए गए सेक्शन की उपलब्धि इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में पश्चिम रेलवे के लिए कुल 418.17 रूट किलोमीटर है। वड़ोदरा डिवीजन के कपडवंज-मोडासा सेक्शन सहित कोर/इलाहाबाद के तहत अहमदाबाद की रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन यूनिट द्वारा कमीशन किए गए सेक्शन की उपलब्धि इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में पश्चिम रेलवे के लिए कुल 418.17 रूट किलोमीटर है। ट्रैक रूट में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन शुरू होने के बाद निकट भविष्य में तेज और बेहतर ट्रेन सेवाएं संभव हैं। यातायात के लिए अपने उच्च घनत्व वाले मार्ग के लिए भी जाना जाने वाला एक महत्वपूर्ण रेलवे मार्ग है और अब पहली बार इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के सफल परीक्षण के साथ वड़ोदरा डिवीजन तक विद्युतीकरण को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ा है।

## शर्मा पूर्वोत्तर जनतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) के संयोजक भी हैं

# मोदी सबसे बड़े कद के नेता, पूर्वोत्तर में राजनीतिक दलों को उनका समर्थन करना ही होगा: हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि पूर्वोत्तर में चुनाव लड़ने वाले सभी राजनीतिक दलों को यह समझ लेना चाहिए कि अंततः उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करना ही होगा। शर्मा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि देश के नेताओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद सबसे बड़ा है और इस क्षेत्र में हर कोई उन्हें पसंद करता है। नगालैंड में जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) द्वारा नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भाजपा गठबंधन वाली सरकार को समर्थन देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर में प्रवेश करने से पहले सभी दलों का यह समझ लेना चाहिए कि जल अंततः समुद्र में ही मिलता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद सबसे बड़ा है और सभी उन्हें पसंद करते हैं। शर्मा पूर्वोत्तर जनतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) के संयोजक भी हैं। शर्मा ने हालांकि इस सवाल पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ब्रिटेन दौरे के दौरान पिछले दिनों उनकी टिप्पणियों को लेकर हुए विवादों के लिए शर्मा ने उन्हें आड़े हाथों लिया और दावा किया कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि भारत में उनकी कोई नहीं सुनता। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जानते हैं कि भारत में उन्हें कोई नहीं सुनेगा।

नगालैंड का घटनाक्रम जद (यू) प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी का संकेत है। भाजपा नेता ने तंज करते हुए कहा, मैंने उनके बारे में ज्यादा शोध नहीं किया है। लेकिन नीतीश कुमार को लेकर, आप किसी चीज की गारंटी नहीं दे सकते। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ब्रिटेन दौरे के दौरान पिछले दिनों उनकी टिप्पणियों को लेकर हुए विवादों के लिए शर्मा ने उन्हें आड़े हाथों लिया और दावा किया कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि भारत में उनकी कोई नहीं सुनता। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जानते हैं कि भारत में उन्हें कोई नहीं सुनेगा। इसलिए उन्होंने भारत विरोधी कुछ लोगों को लंदन में जमा किया और उनके समक्ष बोला। असम के मुख्यमंत्री ने कहा, देश के बाहर भाषण देकर पहली बार गांधी ने कुछ बुद्धि का प्रदर्शन किया। इसके लिए हमें उन्हें श्रेय देना चाहिए।

# प. रेलवे पर 'महिला दिवस' उत्साह के साथ मनाया गया




पश्चिम रेलवे द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें विशेष रूप से अपनी महिला कर्मचारियों के लिए सप्ताह भर चलने वाली विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। 9 मार्च, 2023 को पश्चिम रेलवे की 24 महिला कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और रेलवे में योगदान के लिए सम्मानित करने के साथ समारोह का समापन हुआ। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा के अनुसार इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अभियान का विषय एम्ब्रेस इक्विटी दुनिया को इस बारे में बताने का प्रयास करता है कि महिलाओं को समान अवसर क्यों पर्याप्त नहीं हैं। सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों की शुरुआत 23 फरवरी, 2023 को एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम प्राकृतिक चिकित्सा और योग संगोष्ठी के ज़रिये हुई। साइबर अपराध और सोशल मीडिया पर एक जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया। यह वार्ता प्रतिभागियों द्वारा बहुत पसंद की गई क्योंकि महिलाओं ने इस तेजी से बदलती डिजिटल दुनिया में इसे प्रासंगिक और समृद्ध विषय पाया। 28 फरवरी को अपशिष्ट प्रबंधन पर एक सेमिनार और सेल्फ ग्रूमिंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। समारोह को जारी रखते हुए, 3 मार्च को पश्चिम रेलवे के चर्चगेट स्थित मुख्यालय में आनंद मेला का आयोजन किया गया। मेले में कर्मचारियों के लिए अपनी विभिन्न प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए रंगोली, भाषण प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

## 12 मार्च को प.रेलवे चलाएगी अहमदाबाद और गुवाहाटी के बीच वन वे स्पेशल

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए अहमदाबाद और गुवाहाटी के बीच 12 मार्च 2023 को वन वे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है ट्रेन संख्या 09467 अहमदाबाद–गुवाहाटी वन वे स्पेशल ट्रेन संख्या 09467 अहमदाबाद–गुवाहाटी स्पेशल 12 मार्च 2023 (रविवार) को अहमदाबाद से 16:35 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन मंगलवार को 23:00 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी। मार्ग में यह ट्रेन नडियाद, छायापुरी, रतलाम, भवानी मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, अयोध्या कैंट, वाराणसी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, पटना, न्यू बरौनी, खगड़िया, नवगछिया, कटिहार, बारसोई, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बंगाईगांव एवं रंगिया स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर और जनरल श्रेणी के कोच रहेंगे। ट्रेन संख्या 09467 की बुकिंग 10 मार्च, 2023 से पीआरएस काउंटर और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी।

## गोवा में लू चलने के कारण दोपहर बाद नहीं चल रहीं कक्षाएं

**पणजी।** गोवा में लू चलने के कारण बृहस्पतिवार को विद्यालय ने दोपहर 12 बजे ही छुट्टी कर दी। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। राज्य के शिक्षा निदेशक शैलेष सिनाई जिंगडे द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुमान के मुताबिक लू चलना अभी और एक दिन जारी रहेगी, जिसके कारण शुक्रवार को भी स्कूलों में दोपहर 12 बजे छुट्टी कर दी जाएगी।

# भावनगर मंडल में मनाया 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस'

पश्चिम रेलवे के भावनगर मंडल पर 01 मार्च, 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के अंतर्गत महिला उत्कर्ष सप्ताह का शुभारंभ अपर मंडल रेल प्रबंधक कृष्ण लाल भाटिया द्वारा दीप प्रागट्य के साथ किया गया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी जितेश अग्रवाल के निर्देशानुसार कार्मिक विभाग के सहयोग से भावनगर मंडल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर महिला उत्कर्ष सप्ताह एवं 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 की थीम डिजिट ऑल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फॉर जेंडर इक्वेलिटी है। मंडल की कुल 236 महिलाओं को प्रोत्साहित करने हेतु कर्मचारी हित निधि से गिफ्ट दिया गया। कम्युनिटी हॉल, भावनगर परा में आयुर्वेद और जीवन तथा योगा और प्राकृतिक



चिकित्सा विषयों पर एक वार्तालाप का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं की समस्याएँ एवं समाधान के प्रति ध्यान आकर्षित करना और महिला मुक्ति की दिशा में कार्य करना है। इस कार्यक्रम में रेलवे अस्पताल में आयुर्वेदिक डॉक्टर के रूप में सेवारत डॉ. अशोक कुमार त्रिवेदी ने आयुर्वेद और जीवन तथा प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के ज्ञाता एवं स्थापना विभाग के कार्यालय अधीक्षक विपुल भट्ट ने योगा और प्राकृतिक चिकित्सा विषय पर मंडल की महिला कर्मचारियों से वार्तालाप करके उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि स्त्री रोग की सामान्य समस्याएं और समाधान विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. सारीका जैन, मेडिकल ओफिसर, सर टी हॉस्पिटल, भावनगर ने अपना वक्तव्य दिया। ओन-लाइन माध्यम से पोस्टर एवं ड्रॉइंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम तीन विजेताओं को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि कम्युनिटी हॉल, भावनगर परा में एक अन्य सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें साइबर अपराध का महिलाओं पर प्रभाव और इसके कानूनी समाधान विषय पर चर्चा की गई। वाय. एस. आइराव, पुलिस इंस्पेक्टर ने साइबर अपराध और उनका समाधान, वी. डी. महेता, पुलिस सब इंस्पेक्टर ने साइबर अपराध के प्रकार, एच. एच. भट्ट, पुलिस सब इंस्पेक्टर ने साइबर अपराध की हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा महिला पुलिस टीम ने विविध जानकारी एवं सहयोग पर प्रकाश डाला।

# आरपीएफ स्टाफ ने उड़ीसा के व्यक्ति को बिछड़े हुए परिजनों को सौंपा

राजकोट मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) स्टाफ की सूझबूझ से हाल ही में घर से बिना बताए भागे हुए उड़ीसा के व्यक्ति को बिछड़े हुए परिजनों को सौंपा गया है। हाल ही में आरपीएफ कंट्रोल को रेल मदद से सूचना प्राप्त हुई की गाड़ी संख्या 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस में एक व्यक्ति घर से बिना बताए भागा है। सूचना मिलते ही आरपीएफ राजकोट के सहायक सब इंस्पेक्टर बिजेंद्र कुमार ने गाड़ी के राजकोट स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर आने पर चेक किया तो रेल मदद में दिए गए फोटो वाला व्यक्ति गाड़ी के एस-3 कोच से उतरते हुए दिखा। उन्होने उसे रोका और आरपीएफ पोस्ट राजकोट लेकर आए। अधिक पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम मनोज कुमार




उम्र 36 वर्ष, निवासी - हंडप्पा, बेसिना हंडप्पा अनुगल ओडिसा (759127) होना बताया और कहा कि व्यापार में अधिक नुकसान होने की वजह से तनाव में होने के कारण वह रुपए कमाने के लिए घरवालों को बिना बताए घर से निकल गया था। तत्पश्चात बिजेंद्र कुमार ने रेल मदद में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करने वाले व्यक्ति हिमांशु से बात की और उन्हे अवगत कराया की आपका दोस्त मिल गया है। बिजेंद्र कुमार ने हिमांशु से मनोज कुमार की पत्नी का नंबर लिया और उनका संपर्क कर बताया कि आपका पति मिल गया है और आरपीएफ राजकोट में है। मनोज कुमार की पत्नी ने बताया कि राजकोट में उनके रिश्तेदार रहते हैं और आप उन्हें सौंप दें। करीब 18.00 बजे रिश्तेदार के राजकोट पोस्ट आने पर आवश्यक कागजी कार्यवाही की गयी और मनोज कुमार की पत्नी की रिश्तेदार से बात करवाने के बाद मनोज कुमार को खैरियत के साथ सुपुर्द किया गया। मनोज कुमार की पत्नी और दोस्त ने आरपीएफ राजकोट को बहुत बहुत धन्यवाद दिया। इस तरह अपनी सजगता, सूझबूझ व कर्तव्यनिष्ठा से को घर से बिना बताए भागे हुए व्यक्ति को अपने बिछड़े हुए परिवार से मिलाने वाले आरपीएफ स्टाफ की राजकोट डिविजन के मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कुमार जैन तथा मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री पवन कुमार श्रीवास्तव ने सराहना की है।

# 11/12 मार्च की रात्रि में कुछ लोकल सेवाएं प्रभावित

विले पार्ले और अंधेरी स्टेशनों के बीच गोखले सड़क ऊपरी पुल (आरओबी) के स्टील गर्डर को डी-लॉन्च करने के संबंध में 5 वीं लाइन और प्लेटफार्म क्रमांक 9 लाइन पर 21.30 बजे से 05.30 बजे तक और प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 लाइन अप धीमी, डाउन एवं अप फास्ट लाइनों पर 11/12 मार्च, 2023 की मध्यरात्रि को 00.10 बजे से 04.40 बजे तक मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा के अनुसार ब्लॉक अवधि के दौरान 00.10 बजे से 04.40 बजे तक शिड्यूल अप लोकल सेवाएं गोरेगांव स्टेशन तक ही चलेंगी। यात्री गोरेगांव से चर्चगेट तक हार्बर लाइन/अप धीमी लाइन के जरिए यात्रा कर सकते हैं, क्योंकि गोरेगांव स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 और 2 से अतिरिक्त सेवाएं शुरू होंगी। अंतिम उपनगरीय सेवाओं का विवरण निम्नानुसार है विरारस से चर्चगेट की अंतिम अप फास्ट लोकल ट्रेन, विरार से 23.15 बजे प्रस्थान से 00.42 बजे चर्चगेट पहुंचेगी। वसई रोड से अंधेरी की अंतिम अप धीमी लोकल ट्रेन, वसई रोड से 23.15 बजे प्रस्थान कर 00.04 बजे अंधेरी पहुंचेगी। उनहोंने बताया कि बोरीवली से चर्चगेट की अंतिम अप धीमी लोकल ट्रेन, बोरीवली से 23.34 बजे प्रस्थान करके 00.39 बजे चर्चगेट पहुंचेगी। ब्लॉक के कारण कुछ उपनगरीय सेवाएं रद्द रहेंगी, जिसकी सूची उपनगरीय खंड के स्टेशनों पर उपलब्ध होगी। प्रभावित होने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों का विवरण 10 मार्च, 2023 को छूटने वाली ट्रेन संख्या 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अवध एक्सप्रेस बोरीवली में शॉर्ट टर्मिनेट होगी।11 मार्च, 2023 को छूटने वाली ट्रेन संख्या 22946 ओखा-मुंबई सेंट्रल सौराष्ट्र मेल को बोरीवली में 30 मिनट रेगुलेट होगी। 11 मार्च, 2023 को छूटने वाली ट्रेन संख्या 22904 भुज-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एसी एक्सप्रेस बोरीवली में 15 मिनट रेगुलेट होगी।11 मार्च, 2023 को छूटने वाली ट्रेन संख्या 22928 अहमदाबाद-बांद्रा टर्मिनस लोकशक्ति एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 19218 वेरावल-बांद्रा टर्मिनस सौराष्ट्र जनता और ट्रेन संख्या 12928 एकता नगर-दादर सुपरफास्ट एक्सप्रेस अंधेरी स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 7 पर आयेगी और प्लेटफॉर्म की अपर्याप्त लंबाई के कारण इसे डबल हॉल्ट दिया जायेगा।

# पू सी रेल में माल अनलोडिंग में स्थाई वृद्धि, माल अनलोडिंग में 7.41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई

पू. सी. रेल माल ढुलाई में लगातार तरक्क़ी दर्ज कर रही है। वर्तमान वित्त वर्ष के अप्रैल, 2022 से फरवरी, 2023 के दौरान 13328 माल ढुलाई रेक अनलोड किये गए। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.41प्रतिशत अधिक है। फरवरी, 2023 के दौरान 1148 माल ढुलाई रेक अनलोड किये गए। पू. सी. रेल ने महीने के दौरान एफसीआई चावल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, खाद्यान्न, उर्वरक, सीमेंट, कोयला, सब्जियां, ऑटो, टैंक, कंटेनर और अन्य वस्तुओं का परिवहन किया और इसे अपने क्षेत्राधिकार के अधीन विभिन्न गुड्स



शेडों में अनलोड किया। फरवरी, 2023 के दौरान, असम में मालगाड़ियों के 664 रेक उतारे गए थे, जिनमें से 310 आवश्यक वस्तुओं से लदे हुए थे। उक्त महीने के दौरान त्रिपुरा में 86 रेक, नगालैंड में 15 रेक, मणिपुर में 7 रेक, अरुणाचल प्रदेश में 6 रेक, मिजोरम में 7 रेक और मेघालय में 1 रेक अनलोड किये गए। पश्चिम बंगाल में 188 माल ढुलाई रेक और बिहार में 174 माल ढुलाई रेक भी पू. सी. रेल के अधिकार क्षेत्र के भीतर महीने के दौरान उतारे गए थे। पूर्वोत्तर सीमा रेल के महत्वपूर्ण खंडों पर दोहरीकरण कार्यों के त्वरित निष्पादन से माल ढुलाई के अंदर और बाहर की आवाजाही में वृद्धि हुई है। माल ढुलाई में वृद्धि के अलावा आवश्यक और अन्य वस्तुओं की आवाजाही में वृद्धि हुई है।

## बैठक | मूल निवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर चर्चा

# ग्रेटर टिपरालैंड की मांग का कभी समर्थन नहीं करेगी भाजपा: साहा

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और टिपरा मोथा सुप्रीमो प्रद्योत किशोर देबबर्मा के बीच यहां एक उच्च स्तरीय बैठक के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार टिपरालैंड या ग्रेटर टिपरालैंड जैसी मांगों का कभी समर्थन नहीं करेगी। ग्रेटर टिपरालैंड की मांग करने वाली क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा ने 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा और 60 सदस्ईय त्रिपुरा विधानसभा में 13 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। मुख्यमंत्री ने कहा, मूल निवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को कैसे ऊपर उठाया जाए, इसे लेकर हमने जनजातीय



कल्याण पर चर्चा की। बैठक में वार्ताकार नियुक्त करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया, लेकिन जनजातीय कल्याण पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ बैठक के तुरंत बाद, टिपरा मोथा सुप्रीमो ने दावा किया था कि केंद्र सरकार सुधारात्मक उपाय करने के लिए जनजातीय लोगों की समस्याओं के मद्देनजर आधिकारिक तौर पर एक वार्ताकार नियुक्त करेगी। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि जनजातीय कल्याण भाजपा-इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) सरकार के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र होगा। साहा ने कहा कि भाजपा-आईपीएफटी सरकार 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जारी दृष्टिकोण पत्र पर काम करेगी। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा न केवल त्रिपुरा में बल्कि पूरे पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, हमें अगले आम चुनावों में पूर्वोत्तर में 2019 के चुनावों में पार्टी की सीटों की तुलना में अधिक सीटें मिलेंगी। मंत्रिमंडल की पहली बैठक के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिनय भूषण दास को विधानसभा का अस्थाई अध्यक्ष चुना गया था और लेखानुदान पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा, नए मंत्रियों के विभागों का जल्द ही बंटवारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में कुछ नए चेहरों को लाना भाजपा सरकार की सामान्य कवायद है। पिछले मंत्रिमंडल के चार सदस्यों को इस बार हटा दिया गया था।चुनाव के बाद हुई हिंसा पर मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ खबरें मेरी जानकारी में आ रही हैं। एक निहित स्वार्थी समूह परेशानी पैदा करने की कोशिश कर रहा है। मैंने डीजीपी से स्थिति को मजबूती से संभालने के लिए कहा है।

# 13 मार्च से राजकोट से लालकुआं के लिए चलाई जाएगी स्पेशल ट्रेन

यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा राजकोट (गुजरात) और लालकुआं (उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित) के बीच विशेष किराए पर स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। राजकोट डिविजन के सीनियर डीसीएम सुनील कुमार मीना के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है ट्रेन संख्या 05046/05045 राजकोट-लालकुआं स्पेशल [2 फेरे] ट्रेन संख्या 05046 राजकोट-लालकुआं स्पेशल सोमवार, 13 मार्च, 2023 को 22.30 बजे राजकोट से प्रस्थान करेगी और बुधवार को 04.05 बजे लालकुआं पहुंचेंगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 05045 लालकुआं-राजकोट स्पेशल लालकुआं से रविवार, 12 मार्च, 2023 को 13.10 बजे



प्रस्थान करेगी और सोमवार को 18.35 बजे राजकोट पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वांकानेर, सुरेंद्रनगर, मेहसाना, पाटन, भीलड़ी, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी, जोधपुर, मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा, जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, मथुरा, मथुराछावनी, हाथरस सिटी, कासगंज, सोरों, बदायूँ, बरेली, बरेली सिटी, इज्ज़तनगर, भोजीपुरा, बहेड़ी, और किच्छा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, शयनयान श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे। ट्रेन संख्या 05046 की बुकिंग 10 मार्च, 2023 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# SPORTS खेल जगत

## निश्ना भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 11वें और अवनी संयुक्त 21वें स्थान पर

**सिंगापुर।** निश्ना पटेल ने गुरुवार को यहां पांचवी महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप के शुरूआती दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह भारतीयो मे सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 11वे स्थान पर है जबकि अवनी प्रशांत संयुक्त 21वे स्थान पर चल रही है। निश्ना पटेल अपनी तीसरी एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप मे हिस्सा ले रही है।

## प्रणवी द.अफ्रीका महिला ओपन में पहले दौर के बाद संयुक्त 23वें स्थान पर

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने यहां इन्वेस्टेक दक्षिण अफ्रीकी महिला ओपन के पहले दौर मे दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 23वे स्थान पर चल रही है। पिछले साल हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर मे शानदार प्रदर्शन करने वाली प्रणवी ने दक्षिण अफ्रीका मे अपने सत्र की शुरूआत की है। पिछले कुछ समय से दक्षिण अफ्रीका मे खेल रही रिधिमा दिलावरी ने एक अंडर 71 का स्कोर किया और वह संयुक्त 40वे स्थान पर है।

## जूडोकाओं को दिए टिप्स

**लखनऊ।** जूडो के खिलाड़ियों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी के लिए डाबर व जूडो संघ ने मिलकर एक जागरुका अभियान का शुभारंभ किया। इसमें काफी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विख्यात आयुर्वेदिक प्रैक्टिशनर डॉ परमेश्वर अरोरा ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य,शारीरिक स्टेमिना और मजबूत इम्युनिटी के साथ-साथ बेसिक हाइजीन एवं सेहतमंद आहार के बारे में जानकारी दी। दिनेश कुमार. मैनेजर कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस डाबर इंडिया लिमिटेड अंतराष्ट्रीय जूडो रेफरी एवं अकादमी के प्रमुख मुन्नवर अंजार भी मौजूद थे। दिनेश कुमार ने कहा कि आजकल बच्चे पढ़ाई से लेकर खेलों और एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टीविटीज़ में भी अच्छा परफ़ोर्मेन्स देना चाहते हैं, इसके लिए उन्हें संतुलित एवं पोषक आहार वीटा से मिल सकता है।

## सिंगल विकेट टूर्नामेंट मे बच्चे दिखाएंगे दम

**मुंबई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट के दूसरे सीजन की घोषणा की है। पूरे देश में 59 शहरों और 32, 000से अधिक युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को कवर करने के उद्देश्य के साथ स्कोडा सिंगल विकेट सीजन 2 की शुरूआत 28 अप्रैल से होगी। डायरेक्टर पेट्र सॉल्क ने कहा कि प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अनोखा प्लैटफ़ॉर्म उपलब्ध कराता है। ट्रायल्स और फ इनल्स अप्रैल और मई में आयोजित किए जाएंगे और कुल 180 लड़के अंडर-12 और अंडर-16 और लड़कियाँ अंडर-16 मुंबई में मई में नेशनल फाइनल खेलेंगे। टूर्नामेंट में छह-बॉल बैटिंग और छह-बॉल बॉलिंग का फ़ॉर्मेट है जो अंडर-12 और अंडर-16 कैटेगरी के लड़कों और अंडर-16 कैटेगरी के लड़कियों के लिए खुला है।

## इंडियन वेल्स में नाकाशिमा ने इस्नर को हराया

**इंडियन वेल्स।** ब्रेंडन नाकाशिमा ने बुधवार को यहां ऑल अमेरिकी मुकाबले में जॉन इस्नर को सीधे सेट मे हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे जगह बनाई। नाकाशिमा ने मैच की एकमात्र सर्विस तोड़ते हुए इस्नर को 7-6, 6-3 से हराया। इस्नर ने मैच में कुल 25 सहज गलतियां की जिसमे सात डबल फॉल्ट भी शामिल है।

# परिस्थितियां काफी निर्मम हैं : एगर

## भारत दौरे से स्वदेश भेजे जाने पर दी प्रतिक्रिया



**बाएं हाथ के** स्पिनर एश्टन एगर के मन में भारत के टेस्ट दौरे से बिना मैच खेले वापस भेजे जाने के बाद कोई बुरी भावना नहीं है क्योंकि वह जानते हैं कि शीर्ष स्तर के क्रिकेट में स्थिति काफी निर्मम होती हैं। एगर भारत दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के सीनियर स्पिनरों में से एक के रूप में गए थे लेकिन पहले दो टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलने के बाद स्वदेश लौट आए। पहले दो टेस्ट में उन पर ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी और बाएं हाथ के मैथ्यू कुहनेमैन को तरजीह दी गई जिन दोनों को टेस्ट पर्दाण का मौका मिला। इस 29 वर्षीय ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्श कप फाइनल में पश्चिम ऑस्ट्रेलिया की ओर से पांच विकेट चटकाकर जवाब दिया। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने एगर के हवाले से कहा, मुझे लगा कि मैं उतनी अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहा जितनी मुझे करनी चाहिए थी। मेरे लिए यह स्पष्ट निर्देश है कि मैं इस पर काम करूं और सुधार करूं। उन्होंने कहा, मैं किसी भी तरह की दुर्भावना महसूस नहीं करता। मुझे उस (ऑस्ट्रेलियाई) शिविर में बहुत अच्छा समर्थन मिला और उन्होंने मेरे साथ लगातार संवाद किया इसलिए सब कुछ ठीक है। मैं दस साल से पेशेवर क्रिकेटर हूं इसलिए जब मैंने शुरुआत की थी तो मैं उसकी तुलना में कहीं अधिक लचीला हूं।

यह एक कठिन खेल है, यह एक निर्मम वातावरण है और ऐसा ही होना चाहिए क्योंकि यह खेल का शिखर है। एगर ने पांच टेस्ट मैच में नौ विकेट लिए हैं और जनवरी में एससीजी टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोई विकेट नहीं ले पाए थे। उन्होंने सीमित ओवरों के क्रिकेट में 66 विकेट लिए हैं। सबसे लंबे प्रारूप में अधिक सफलता हासिल नहीं करने के बावजूद एगर लाल गेंद के क्रिकेट को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। मैं हमेशा ऑस्ट्रेलिया के लिए किसी भी प्रारूप में जितना हो सके उतना खेलना चाहता हूं और जब भी मौका मिले तो उसका फायदा उठाना चाहता हूं। एगर 17 मार्च से शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत वापस लौटेंगे और उम्मीद करेंगे कि तीन मैच की श्रृंखला से उन्हें भारत में होने वाले आगामी विश्व कप के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने में मदद मिलेगी।

# चोटिल मूनी डब्ल्यूपीएल से बाहर



## स्नेह गुजरात जायंट्स की कप्तान बनी

**बेथ मूनी** पिंडली की चोट के कारण बाकी बचे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टूर्नामेंट से बाहर हो गई जिसके बाद गुरुवार को भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा को गुजरात जाइंट्स का कप्तान नियुक्त किया गया। ऑस्ट्रेलिया की मूनी को चार मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में बल्लेबाजी करते हुए चोट लगी थी। मूनी को पूर्ण फिटनेस हासिल करने में चार से छह हफ्ते का समय लगने की उम्मीद है। मूनी ने विज्ञप्ति में कहा, मैं वास्तव में गुजरात जाइंट्स के साथ पहले डब्ल्यूपीएल सत्र का इंतजार कर रही थी लेकिन दुर्भाग्य से चोट खेल का हिस्सा है और मैं निराश हूं कि सत्र के बाकी हिस्से से बाहर रहूंगी। हालांकि मैं टीम के प्रदर्शन पर नजर रखूंगी और प्रत्एक दिन उनकी हौसलाअफजाई करूंगी। मूनी के स्थान पर गुजरात जाइंट्स ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट को टीम में शामिल किया है जिन्होंने हाल ही में संपन्न 2023 महिला टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के फाइनल तक के सफर के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। वोलवार्ट छह मैच में तीन अर्धशतक के साथ शीर्ष स्कोरर थी जिससे मेजबान दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा था जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत की स्नेह राणा अब कप्तान होंगी जबकि ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर को उपकप्तान बनाया गया है। गुजरात जाइंट्स का अगला मुकाबला 11 मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

## सोफी को आरसीबी की वापसी का भरोसा

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की लगातार तीसरी हार के बावजूद टीम की न्यूजीलैंड की बल्लेबाज सोफी डिवाइन को भरोसा है कि उनकी टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मे वापसी करने मे सफल रहेगी। आरसीबी को बुधवार रात गुजरात जाइंट्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गुजरात जाइंट्स के 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी। आरसीबी ने काफी अधिक खाली गेंद खेली और 14वें ओवर तक एक भी छक्का नही जड़ा जिसे टीम की हार का मुख्य कारण माना जा रहा है। यह पूछने पर कि क्या टीम पर्याप्त बाउंड्री लगाने मे विफल रही, डिवाइन ने संवाददाताओ से कहा, बेशक नही क्योंकि हम जीत दर्ज नही कर पाए। कोई सटीक कारण बताना (हार का) काफी मुश्किल है लेकिन शायद हमने काफी अधिक खाली गेंद खेली। कभी कभी ऐसा होता है लेकिन आपको गेंदबाजो को श्रेय देना होगा जिन्होने शानदार गेंदबाजी की। न्यूजीलैंड की इस 33 साल की बल्लेबाज ने कहा कि आरसीबी को पूरी जानकारी थी कि यहां ब्रेबोर्न स्टेडियम मे 190-200 का स्कोर प्रतिस्पर्धी स्कोर है क्योंकि यहां छोटी बाउंड्री, सपाट पिच और तेज आउटफील्ड है। यहां अब तक तीन मैच मे दो बार टीम ने 200 से अधिक रन लुटाए। डिवाइन ने उम्मीद जताई कि वह और उनकी सलामी जोड़ीदार कप्तान स्मृति मंधाना और अधिक रन बना पाएंगी। इस जोड़ी ने अब तक तीनो मैच मे टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है।

# एकता ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

## दुबई ग्रां प्री में चमके भारतीय पैरा एथलीट

**एशियाई** पैरा खेलों की स्वर्ण पदक विजेता एकता भुयन ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया जबकि युवा भारतीय पैरा एथलेटिक्स टीम दुबई विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री से सात पदक जीतकर स्वदेश लौटी। भारतीय दल ने चार रजत और तीन कांस्य पदक जीते, जिसमें एकता का एशियाई रिकॉर्ड भी शामिल था। दल में ऐसे कई युवा एथलीट थे जो दुबई में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर रहे थे। इसमें सात विश्व रिकॉर्ड और 45 क्षेत्रीय रिकॉर्ड बने जिससे यह टूर्नामेंट काफी सफल रहा। पदक तालिका में भारत 28वें स्थान पर रहा जिसमें चीन 102 पदक से शीर्ष पर और यूक्रेन दूसरे स्थान पर रहा। एकता भुयन ने महिलाओं की व्हीलचेयर चक्का फेंक एफ53 स्पर्धा में पांचवें प्रयास में



6.35 मीटर दूर चक्का फेंककर कांस्य पदक जीता जिसका स्वर्ण पदक यूक्रेन की जोइया ओवसी (13.19 मीटर) ने हासिल किया। हिसार की 37 वर्षीय एकता ने महिलाओं की क्लब एफ51 स्पर्धा में नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया जबकि वह 17.20 मीटर के थ्रो से छठे स्थान पर रहीं।

# भारतीय टीम प्रो लीग में करेगी नई शुरुआत

**भारतीय टीम शुक्रवार**को जब यहां एफआईएच पुरूष हॉकी प्रो लीग मुकाबले में विश्व चैम्पियन जर्मनी के सामने होगी तो उसकी निगाहें नई शुरूआत करने पर लगी होगी। स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय टीम जनवरी में हुए विश्व कप के अंतिम 16 से बाहर हो गई थी। टूर्नामेंट में छह गोल से संयुक्त तीन शीर्ष स्कोरर में से एक भारतीय कप्तान ने कहा, इस चरण में प्रत्एक मैच हमारे लिए चुनौतीपूर्ण है, विशेषकर तब जब प्रतिद्वंद्वी टीमें



आस्ट्रेलिया और जर्मनी हों। उन्होंने कहा, हालांकि, यह हमारे लिए अच्छा है कि हमें इतने चुनौतीपूर्ण मैच खेलने को मिल रहे हैं क्योंकि हमारा ध्यान एशियाई खेलों पर लगा है। इसलिए हम सुनिश्चित करेंगे कि हम इस तरह के मैच खेलकर बतौर टीम सुधार करें और भविष्य में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। विश्व कप में भारत ने सर्कल के अंदर कई बार सेंध लगाई लेकिन इनका इस्तेमाल नहीं कर पाया। बेंगलुरू में शिविर में हमने इसके बारे में बात की और इस पर काम किया। ग्राहम रीड के टीम से अलग होने के बाद यह भारत का पहला मैच है। क्रेग फुल्टन को टीम का कोच नियुक्त किया गया लेकिन इस दक्षिण अफ्रीकी के मैचों के बाद टीम से जुड़ने की संभावना है। अंतरिम कोच डेविड जॉन और बीजे करियप्पा चार मैचों में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## बांग्लादेश ने पहले टी20 मैच में इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

**चटगांव।** नजमुल हुसैन शंटो के अर्धशतक और कप्तान शाकिब अल हसन के ऑलराउंड खेल से बांग्लादेश ने गुरुवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 12 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से पराजित किया। बांग्लादेश के सामने 157 रन का लक्ष्य था और उसने 18 ओवर में चार विकेट पर 158 रन बनाकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। नजमुल हसन ने 30 गेंदों पर 51 रन की पारी खेली जिसमें आठ चौके शामिल हैं।

# पांच पहलवानों को कोर्ट से मिली राहत

## उच्च न्यायालय ने एशियाई चैम्पियनशिप के ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति दी

**दिल्ली उच्च न्यायालय** ने गुरूवार को पांच पहलवानों को आगामी 2023 एशियाई चैम्पियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा शुक्रवार से कराए जाने वाले ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने छुट्टी के दिन की गई विशेष सुनवाई में कहा कि याचिकाकर्ता पहलवान अनुज कुमार, चंदर मोहन, विजय, अंकित और सचिन मोर को इसमें हिस्सा लेने की अनुमति दी जाए और उनकी काबिलियत के आधार पर आंका जाए। उच्च न्यायालय ने कहा कि ट्रायल में भागीदारी का अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि अदालत ने पहलवानों की योग्यता के आधार पर कोई राय बनाई है और इस पर चयन समिति का फैसला अंतिम होगा। न्यायमूर्ति ने कहा, इस स्थिति और तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि प्रतिभाशाली पहलवान होने के नाते याचिकाकर्ताओं को बाहर नहीं किया जाना चाहिए कि ट्रायल्स में इनसे अधिक प्रतिभा वाले पहलवान होंगे, इस अदालत की राय है कि याचिकाकर्ता को कल और परसो इनके संबंधित वर्ग में होने वाले ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी जाए। अदालत पांच पहलवानों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं और जिन्होंने नौ से 14 अप्रैल तक कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित ट्रायल्स से बहार किए जाने की शिकायत की है।

## अदालत के गलियारे में नहीं होने चाहिए खिलाड़ी: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आगामी एशियाई खेलो के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के मद्देनजर घुड़सवारों की चयन प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियो को अदालत के गलियारे मे नही बल्कि स्टेडियमो मे होना चाहिए और जिनका उद्देश्य देश को गौरवान्वित करना है, उन्हे खेल महासंघो द्वारा मानसिक पीड़ा का शिकार नही बनाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने तीन घुड़सवारों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वह भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के प्रतिनिधियो मे पेशेवर रवैए की दयनीय स्थिति से काफी दुखी थे और मौजूदा मामला ऐसा लगता है कि जिसमे एक संस्था अपनी पूरी ताकत कुछ व्यक्तिगत खिलाड़ियो को टूर्नामेंट से बाहर करने के लिए इस्तेमाल कर रही है। चिराग खंडाल, शशांकसिंह कटारिया और यश नेनसी की याचिका महासंघ द्वारा 19वें एशियाई खेलो के लिए चयन मानंदड मे शुरू किए गए कुछ बदलावो से संबंधित है। इन एशियाई खेलो का आयोजन इस साल सितंबर-अक्टूबर मे चीन के हांगजोऊमे किया जाएगा।

## श्रीलंका के न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 305 रन

**कुसाल मेंडिस** और दिमुथ करूणारत्ने के अर्धशतक से श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां छह विकेट पर 305 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। मेंडिस ने 87 जबकि कप्तान करूणारत्ने ने 50 रन बनाने अलावा दूसरे विकेट के लिए 137 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी भी की। दिन के खेल के दौरान हालांकि सिर्फ 75 ओवर फेंके जा सके। दिन का खेल खत्म होने पर धनंजय डिसिल्वा 39 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि कासुन रजिता 16 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउथी ने पिच पर घास को देखते हुए टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। श्रीलंका की टीम ने पहले घंटे में सिर्फ 27 रन बनाए और इस दौरान ओशादा फर्नांडो (13) का विकेट गंवाया जिन्हें साउथी ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराया।

# मेसी और एमबाप्पो का इंतजार और बढ़ा

## बायर्न ने पीएसजी को लीग से बाहर किया

**बायर्न म्यूनिख ने** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर किया जिससे लियोनल मेसी और काइलियान एमबाप्पे का पीएसजी के साथ यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने का इंतजार और बढ़ गया। म्यूनिख ने बुधवार को पीएसजी को 2-0 से हराकर कुल 3-0 के स्कोर के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पीएसजी के पूर्व खिलाड़ी किंगस्ले कोमैन ने प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में म्यूनिख की ओर से गोल दागा था। दूसरे चरण में पीएसजी के एक अन्य पूर्व खिलाड़ी एरिक मैक्सिम चोपो मोटिंग और सर्गी गनाबरी ने गोल किए।



## एसी मिलान चैंपियन्स लीग क्वार्टर फाइनल में

**लंदन।** सात बार के चैंपियन एसी मिलान ने बुधवार को यहां टोटेनहैम से गोल रहित ड्रॉ खेलकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। एसी मिलान ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे टोटेनहैम से गोल रहित ड्रॉ खेलकर दो चरण के प्री क्वार्टर फाइनल मे कुल 1-0 के स्कोर के साथ जीत दर्ज की। इटली की चैंपियन टीम एसी मिलान की नजरें अब 2007 के बाद पहली बार चैंपियन्स लीग का खिताब जीतने पर टिकी है जबकि टोटेनहैम का ट्रॉफी का 15 साल का इंतजार और लंबा खिंचेगा।

## भारत ने इंडोनेशिया को 6-0 से हराया

**वियत ट्राई सिटी।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर्स के पहले दौर के ग्रुप एफ के मैच में गुरुवार को यहां इंडोनेशिया को 6-0 से करारी शिकस्त देकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय टीम की यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उसने सिंगापुर को 7-0 से हराया था। पिछले मैच की तरह भारतीय टीम ने शुरू से ही अपना दबदबा बनाकर रखा और विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया।

# देश परदेश

# रूसी मिसाइलों के हमले पांच यूक्रेनी लोगों की मौत

## कई शहरों को फिर बनाया निशाना



**रूस ने बृहस्पतिवार** को तड़के यूक्रेन के कई शहरों में बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए है। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र के गवर्नर मक्सिम वोजित्स्की ने बताया कि एक मिसाइल के ज्लोचेव्स्की जिले के एक आवासीय क्षेत्र में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बचाव कर्मी मलबे में बचे हुए लोगों की तलाश में जुटे हैं। दि्नप्रॉपेतोपवस्क के गवर्नर सेरही लिसाक ने बताया कि क्षेत्र में कई मिसाइल हमले हुए जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए हैं। कीव के मेयर ने दो जिलों में नुकसान की जानकारी दी और खार्कीव और ओडेसा के गवर्नर ने भी आवासीय इमारतों में हमलों की जानकारी दी। उत्तरी शहर चेर्नीहीव में भी विस्फोटों की सूचना मिली है। नीपर, लुत्सक और रीवने शहर में भी ऐसे ही हमलों की खबर है।

## रूस चाहता है चीन से सैन्य सहायता, इस सौदे से चीन को भी फायदा हो सकता है

**बोइसे (अमेरिका)।** फरवरी 2023 के अंत में बाइडेन प्रशासन द्वारा सार्वजनिक की गई जानकारी के अनुसार चीन रूस को हथियार, गोला-बारूद और ड्रोन भेजने पर विचार कर रहा है। चीन की सैन्य सहायता यूक्रेन मे रूस के युद्ध का सीधे समर्थन करेगी। अमेरिकी नौसेना द्वारा एक चीनी गुब्बारे को मार गिराए जाने के एक महीने से भी कम समय के बाद यह सार्वजनिक खुलासा हुआ, जो कथित तौर पर जासूसी उद्देश्यो के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसने अमेरिका और चीन के बीच मौजूदा तनाव को और बढ़ा दिया। यह घटनाक्रम ऐसे समय मे आया है जब रूस यूक्रेन पर अपने युद्ध मे जान और माल दोनो के नुकसान का सामना कर रहा है। इन असफलताओ ने रूस को मदद लेने के लिए प्रेरित किया है।

## परमाणु संयंत्र को बिजली ग्रिड से जोड़ा गया : अधिकारी

**कीव।** यूक्रेन के बिजली ग्रिड संचालक ने बृहस्पतिवार को बताया कि यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र को दोबारा ग्रिड से जोड़ दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र बृहस्पतिवार तक डीजल चालित जेनरेटर के भरोसे था क्योंकि यूक्रेन के अधिकारियो ने जानकारी दी थी कि रूसी मिसाइल की वजह से पारेषण लाइन को नुकसान पहुंचा है। बिजली ग्रिड संचालक यूक्रेनर्गो ने बताया कि बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है और संयंत्र मे जेनरेटर को बंद कर दिया गया है।

## अमेरिका को रूसी बोइंग को जब्त करने का वारंट मिला

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधो का हवाला देते हुए एक रूसी ऊर्जा कंपनी के स्वामित्व वाले 2.5 करोड़ डॉलर के बोइंग 737 को जब्त करने की मंजूरी दे दी है। अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। विमान का स्वामित्व पीजेएससी रोसनेफ्ट ऑयल कंपनी के पास है, जिसका मुख्यालय मॉस्को मे है और इसका नेतृत्व प्रतिबंधित इगोर इवानोविच सेचिन कर रहे है। निर्यात नियंत्रण सुधार अधिनियम के उल्लंघन के आधार पर इस विमान को अमेरिका द्वारा जब्त किया जा सकता है। ब्रुकलिन मे अमेरिकी अटॉर्नी ब्रेओन पीस ने एक विज्ञप्ति मे कहा, आज की प्रवर्तन कार्वाई दर्शाती है कि रूसी कंपनियो और कुलीन वर्गो को यूक्रेन पर गैर-न्यायोचित रूसी हमले के लिए लगाए गए प्रतिबंधो की कीमत चुकानी पड़ेगी।

# अफगानिस्तान का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों के लिए नहीं किया जाना चाहिए : भारत

**भारत ने उम्मीद** जताई है कि अफगानिस्तान का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों व संगठनों के ठिकानों, प्रशिक्षण या वित्तपोषण के लिए नहीं किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बुधवार को कहा, अफगानिस्तान के निकटवर्ती पड़ोसी व दीर्घकालिक साझेदार होने के नाते और अफगान लोगों के साथ हमारे मजबूत ऐतिहासिक व सभ्यतागत संबंधों को देखते हुए, देश में शांति और स्थिरता की वापसी सुनिश्चित करने में भारत का प्रत्यक्ष हित है। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) को




लेकर सुरक्षा परिषद में कंबोज ने कहा कि अगस्त 2021 के सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2593 में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामूहिक दृष्टिकोण को व्यक्त किया गया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भारत की अध्यक्षता में स्वीकार किया गया था। प्रस्ताव के अनुसार, हम उम्मीद करते हैं कि अफगानिस्तान का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों व संगठनों के ठिकानों, प्रशिक्षण या वित्तपोषण के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

## अमेरिका : फ्लोरिडा झील के ऊपर दो विमानों के टकराने से चार लोगों की मौत

**अमेरिका के** मध्य फ्लोरिडा स्थित झील के ऊपर मंगलवार को दो विमानों के टकराने से चार लोगों की मौत हो गई। शेरिफ के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पॉल्क काउंटी शेरिफ ग्रैडी जुड ने बताया कि विंटर हेवन स्थित लेक हार्टरिज के ऊपर यह हादसा हुआ, जहां एक पाइपर जे -3 क्यूब सीप्लेन और चेरोकी पाइपर 161 फिक्स्ड-विंग विमान दोपहर दो बजे के आसपास टकरा गए। शेरिफ ने बताया कि कई बचाव कर्मियों के मुताबिक जहां एक विमान लगभग 21 फीट (6.4 मीटर) पानी के नीचे डूब गया, वहीं दूसरा आंशिक रूप से जलमग्न था। बचावकर्मियों ने विमानों से चार शव निकाले।

# जान्हवी कपूर ने साझा किया एनटीआर 30 का फर्स्ट लुक




जान्हवी कपूर ने बॉलीवुड फिल्म धाकड़ से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। वहीं, अब एक्ट्रेस साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है। एक्ट्रेस जल्द ही जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म एनटीआर 30 में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में जान्हवी लीड रोल में नजर आने वाली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक साझा किया है। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म एनटीआर 30 में अपने लुक की पहली झलक साझा की है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा-फाइनली इट्स हेपनिंग, मेरे फेवरेट एनटीआर के साथ यात्रा शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। एक्ट्रेस इस लुक में बेहद शानदार लग रही हैं। उन्होंने तस्वीर में साड़ी पहनी हुई है। जान्हवी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान जूनियर एनटीआर के साथ काम करने की अपनी ख्वाहिश जाहिर की थी, उसके बाद से लगातार उनके साउथ इंडस्ट्री में काम करने की चर्चा हो रही थी। वहीं, अब जान्हवी ने एनटीआर 30 का फर्स्ट लुक शेयर कर इस बात की खुशी जाहिर की है। एक्ट्रेस इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। आपको बता दें कि एक्ट्रेस जल्द ही राणा नायडू में नजर आने वाली हैं। साथ ही वह बॉलीवुड की दो फिल्म बवाल और मिस्टर एंड मिसेज माही में भी नजर आएंगी।



# मशहूर अभिनेता एवं फिल्मकार सतीश कौशिक का निधन



फिल्म जाने भी दो यारो और मि. इंडिया में यादगार हास्य भूमिकाएं निभाने वाले मशहूर अभिनेता एवं फिल्मकार सतीश कौशिक का बृहस्पतिवार को तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। उनके करीबी दोस्त एवं अभिनेता अनुपम खेर ने बताया कि कौशिक दिल्ली में अपने एक दोस्त के घर पर थे, जब उन्होंने बेचैनी होने की शिकायत की। खेर ने पीटीआई-भाषा से कहा, बेचैनी महसूस होने के बाद कौशिक ने चालक से उन्हें अस्पताल ले जाने को कहा। देर रात करीब एक बजे उन्हें (अस्पताल जाते समय) रास्ते में ही दिल का दौरा पड़ा। इससे पहले खेर ने ट्विटर पर कौशिक के निधन की खबर साझा की थी। उन्होंने ट्वीट किया था, मुझे पता है कि मृत्यु अंतिम सत्य है, लेकिन मैंने कभी सपने में भी नही सोचा था कि मुझे अपने सबसे अच्छे दोस्त सतीश कौशिक के बारे में ऐसा लिखना होगा। 45 साल की दोस्ती पर अचानक पूर्ण विराम लग गया। तुम्हारे बिना जीवन पहले जैसा नही रहेगा सतीश। ओम शांति। हरियाणा में जन्मे और दिल्ली के करोल बाग में पले-बढ़े कौशिक ने हमेशा अभिनेता बनने का सपना देखा था। कौशिक नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) और फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के छात्र थे। उन्हें जाने भी दो यारों , राम-लखन , बड़े मियां छोटे मियां , मिस्टर इंडिया , दीवाना मस्ताना , हसीना मान जाएगी , भारत , छलांग , उड़ता पंजाब जैसी फिल्मों में निभाए उनके किरदारों के लिए काफी सराहना मिली। मि. इंडिया फिल्म में कौशिक ने कैलेंडर नामक एक रसोइए का किरदार निभाया था जो अनिल कपूर द्वारा संचालित एक अनाथालय में बच्चों के लिए खाना पकाता है। कौशिक ने 1983 में आई फिल्म जाने भी दो यारो के संवाद लिखे और पंकज त्रिपाठी अभिनीत कागज़ (2021) की कहानी भी लिखी। कौशिक और अभिनेता गोविंदा की जोड़ी भी काफी मशहूर थी। दोनों 90 के दशक में स्वर्ग , साजन चले ससुराल , दीवाना मस्ताना , परदेसी बाबू , बड़े मियां छोटे मियां , आंटी नंबर- । और हसीना मान जाएगी जैसी कई फिल्मों में साथ नजर आए।

# ऑस्कर के मंच पर दीपिका के होने की खबर से फैंस खुश



95वें ऑस्कर समारोह में भाग लेने वाली हस्तियों में दीपिका पादुकोण को प्रस्तुतकर्ता के रूप में घोषित किया गया है। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने सभी प्रस्तुतकर्ताओं के नामों के साथ एक पोस्ट साझा की, जिसमें रिज़ अहमद, एमिली ब्लंट, ग्लेन क्लोज़, ट्रॉय कोत्सुर, ड्वेन जॉनसन, जेनिफर कोनेली, सैमुअल एल जैक्सन, मेलिसा मैककार्थी, जो सलदाना डॉनी येन, जोनाथन मेजर और क्वेस्टलोव शामिल हैं। पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा- 95वां अकादमी पुरस्कार 12 मार्च (भारत में 13 मार्च) को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। दीपिका के पति-अभिनेता रणवीर सिंह पर प्रतिक्रिया करते हुए कमेंट सेक्शन में एंजेल फेस और ताली बजाने वाले इमोजीस को शेयर की। नेहा धूपिया ने टिप्पणी की, दीपू आपको देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। दीपिका पादुकोण के प्रशंसकों ने भी टिप्पणी अनुभाग में बाढ़ ला दी। एक यूजर ने लिखा, पठान की लड़की ऑस्कर में, दूसरे ने कहा, रानी के लिए रास्ता बनाओ! वह बाएं, दाएं और केंद्र में जीत रही है। उसे कोई रोक नहीं रहा है, या उसे धीमा भी नहीं कर रहा है। आपको बता दे कि दीपिका पादुकोण ने कतर में फीफा विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किया। इसके अलावा पिछले साल वह कान्स में जूरी सदस्यों में से एक थीं। ऑस्कर में भारत के लिए यह एक खास साल है। इस बार, केवल एक नहीं, बल्कि तीन महत्वपूर्ण भारतीय फिल्में प्रतिष्ठित ऑस्कर अवार्ड्स 2023 के नामांकन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। आरआरआर नृत्य गीत नातू नातु के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल गीत की सूची में है, जिसने इस वर्ष की शुरुआत में इसी श्रेणी में गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता था। शौनक सेन की ऑल दैट ब्रीथ्स को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म और गुनीत मोंगा की द एलिफेंट व्हिस्परर्स को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट के लिए नॉमिनेट किया गया है। साथ ही, 95वें एकेडमी अवार्ड्स में मंच पर नातू नातु का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। गायक राहुल सिप्लिगुंज और काल भैरव, अपने ऑस्कर डेब्यू में, मंच पर ट्रैक का प्रदर्शन करेंगे, अकादमी ने हाल ही में घोषणा की। एक्ट्रेस को आखिरी बार पठान में देखा गया था। फिल्म में शाहरुख खान, जॉन अब्राहम, डिंपल कपाड़िया और आशुतोष राणा ने भी अभिनय किया। इसके बाद वह ऋतिक रोशन के साथ थ्रिलर फिल्म फाइटर में नजर आएंगी। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित, फाइटर में अक्षय ओबेरॉय, करण सिंह ग्रोवर और अनिल कपूर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# नवाजुद्दीन ने आलिया के आरोपों पर उठाए सवाल



बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछले काफी वक्त से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में बने हुए हैं। उनकी पत्नी आलिया ने उनके ऊपर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि अभी तक एक्टर ने इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी, लेकिन अब हाल ही में उन्होंने इस संबंध में चुप्पी तोड़ी है और उन्होंने ट्विटर पर एक पोस्ट साझा किया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने ट्विटर पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा है-यह कोई आरोप नहीं है लेकिन मैं अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहा हूं। इस कैप्शन के साथ उन्होंने अपना बयान भी अटैच किया है, जो वह इस मामले में कहना चाहते हैं। बयान में एक्टर ने अपने ऊपर लगे आरोपों और बच्चों की पढ़ाई को लेकर कई बातें लिखी हैं। एक्टर ने लिखा है कि मेरी चुप्पी के कारण मुझे लोग बुरा इंसान समझ रहे हैं, मैं अब तक सिर्फ इसलिए खामोश था क्योंकि मैं जानता हूं कि यह सब तमाशा मेरे बच्चे कहीं न कहीं से पढ़ेंगे। इस दौरान सोशल मीडिया पर लोग, प्रेस वाले मिलकर मेरे इस घरेलू मामले का खूब आनंद ले रहे हैं, लेकिन उसके बाद भी मैं इस बारे में कुछ बातें रखना चाहता हूं।

उन्होंने कुछ बातें ट्विटर पर लिखी हैं- जिसमें पहले पॉइंट में लिखा- कि मैं सबसे यह बताना चाहता हूं कि मैं और आलिया कई साल पहले ही अलग हो चुके थे और हमारा तलाक भी हो गया था, हालांकि हमारे बीच अपने बच्चों के कारण काफी समझ थी। वहीं, दूसरी बात में उन्होंने बच्चों की पढ़ाई के संबंध में सवाल किया है। उन्होंने लिखा-कि क्या मुझे कोई बताएगा कि मेरे बच्चे बीते 45 दिनों से स्कूल क्यों नहीं जा रहे हैं। मुझे स्कूल से लगातार लेटर आ रहे हैं कि आपके बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं।

# बेटे के साथ हुई घटना पर ए आर रहमान ने तोड़ी चुप्पी

मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर ए आर रहमान के बेटे ए आर अमीन हाल ही में एक गाने की शूटिंग के दौरान सेट पर दुर्घटना शिकार होने से बाल-बाल बच गए थे। इस घटना पर संगीतकार ने अब एक बयान जारी कर भारतीय सेट और लोकेशंस पर बेहतर सुरक्षा मानकों की मांग की है। उन्होंने अपने बयान में कहा, कुछ दिन पहले मेरे बेटे एआर अमीन और उनकी स्टाइलिंग टीम एक संभावित घातक आपदा से चमत्कारिक रूप से बच गई। अल्हम्दुलिल्लाह (ईश्वर की कृपा से)। फिल्म सिटी, मुंबई में दुर्घटना के बाद कोई घायल नहीं हुआ। जैसे-जैसे हम अपनी इंडस्ट्री को बढ़ा रहे हैं, वैसे वैसे हमें भारतीय सेट और स्थानों पर सुरक्षा मानकों को विश्व स्तरीय रखना होगा। हम सभी काफी हैरान हैं और बीमा कंपनी के साथ-साथ प्रोडक्शन कंपनी गुडफेलस स्टूडियोज द्वारा घटना की जांच के परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि हाल ही में अमीन के साथ सेट पर एक बड़ा हादसा हुआ था, जिससे वह बाल बाल बच गए थे। सेट पर सभी लोग वीडियो सॉन्ग की शूटिंग में बिजी थे। तभी एक क्रेन से टंगा हुआ झूमर नीचे आ गिरा। हालांकि, अमीन इस हादसे से बाल बाल बच गए, लेकिन इसने उन्हें बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। इस बात का जिक्र उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया था। उन्होंने बताया था कि इस घटना के बाद वह अब तक सदमे में हैं और इससे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।



# करोड़ों की मालकिन हैं जान्हवी कपूर

जान्हवी कपूर बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। बहुत ही कम समय में उन्होंने इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया है। जान्हवी ने साल 2018 में बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने अपनी दमदार अदाकारी के दम पर दर्शकों का दिल जीता और कुछ साल में ही अपनी अलग पहचान बना ली। श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी जान्हवी के एक्टिंग से लेकर उनके लुक्स तक के सभी फैंस दीवाने हैं। जान्हवी बेहद आलीशान जीवन जीती हैं।

अभिनेत्री ने फिल्म धड़क से अभिनय की दुनिया में कदम रखा और जल्द ही वह टॉप की अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो गईं। आज वह करोड़ों की मालकिन हैं। महज कुछ साल में ही उन्होंने खुद के दम पर करोड़ों की संपत्ति बना ली है। फिल्मों से अभिनेत्री की ज्यादा कमाई होती है। जान्हवी 58 करोड़ रुपये की मालकिन हैं। उनकी एक महीने की सैलरी लगभग 50 लाख है। वह एक साल में छह करोड़ से ज्यादा की कमाई करती हैं। फिल्मों के अलावा जान्हवी विज्ञापनों, स्टेज परफॉर्मेंसेस और मॉडलिंग से भी मोटी कमाई करती हैं। अभिनेत्री ने अपनी कमाई से जुहू में एक घर भी खरीदा है। रिपोर्ट के अनुसार, घर की कीमत 38 करोड़ है। उनका घर सी फेसिंग है। फर्नीचर से लेकर दीवारों तक उनके घर के लुक को शानदार बनाते हैं। जान्हवी कपूर महंगी गाड़ियों की भी शौकीन हैं। अभिनेत्री के पास कई लग्जरी गाड़ियों का कलेक्शन हैं। उनके पास मर्सिडीज बेंज जीएलसी है, जिसकी कीमत लगभग 75 लाख रुपये है। साथ ही उनके पास ऑडी ए6 कार है, जिसकी कीमत 54 लाख रुपये बताई जाती है। इसके अलावा अभिनेत्री के पास एक लैंड रोवर रेंज स्पोर्ट्स एचएसआई भी है।

> जान्हवी 58 करोड़ रुपये की मालकिन हैं। उनकी एक महीने की सैलरी लगभग 50 लाख है। वह एक साल में छह करोड़ से ज्यादा की कमाई करती हैं। फिल्मों के अलावा जान्हवी विज्ञापनों, स्टेज परफॉर्मेंसेस और मॉडलिंग से भी मोटी कमाई करती हैं।

बात करें जान्हवी के फिल्मी करियर के बारे में तो वह धड़क फिल्म के बाद घोस्ट स्टोरी में नजर आईं। इसके अलावा वह गुंजन सक्सैना और रूही में भी नजर आ चुकी हैं। जान्हवी कपूर भले ही आलीशान जीवन जीना पसंद करती हैं, लेकिन अपने फैंस लिए वह जमीन से जुड़ी हुई रहती हैं। अक्सर फैंस के साथ वह मस्ती करती हुई नजर आती हैं। इसके साथ ही अपना जन्मदिन भी वह परिवार के साथ ही मनाना पसंद करती हैं।

# संस्थानों में आहार और स्वास्थ्य जागरूकता



आर्किटेक्ट धीरज सल्होत्रा
(प्रधान अध्यापक)
ठाकुर स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, मुंबई

शिक्षार्थियों के बीच स्वास्थ्य पर आहार के प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करने की आज संस्थाओं की जिम्मेदारी है। आसान उपलब्धता और कई बार सामर्थ्य के कारण छात्र आज सभी प्रकार के स्ट्रीट फूड और जंक फूड के संपर्क में हैं। एक तरफ यह घर के बने भोजन को छोड़कर इसे वैकल्पिक आहार के रूप में चुनने के लिए एक आसान विकल्प के रूप में दिखाई दे सकता है।

एक शहर में रहने के खर्चों को पूरा करने के लिए कार्यालय और घर के काम का प्रबंधन करने वाले कामकाजी जोड़ों का अनुपात कई गुना बढ़ गया है। परिवार एक साथ नाश्ते या खाने की मेज पर मूल्यवान पारिवारिक समय बिताने में सक्षम नहीं होते हैं। जैसे-जैसे पारिवारिक भोजन की संस्कृति धीरे-धीरे विफल होती जा रही है, परिणामस्वरूप शिक्षार्थी छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्वस्थ भोजन और जीवन जीने के संदेश को फैलाने के लिए संस्थान में जागरूकता सत्र का आयोजन कल के पेशेवरों के समग्र कल्याण की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है।



ऐसे सत्रों में भाग लेने वाले छात्रों ने एक समग्र सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है और स्वस्थ जीवन के लिए अपने आहार की आदतों में बदलाव को स्वीकार किया है। कई सामान्य बीमारियाँ जैसे सिरदर्द, शरीर में दर्द या कोई अन्य एकाग्रता संबंधी विकार उपेक्षित खाने की आदतों के कारण खराब स्वास्थ्य का परिणाम हैं। खाने की आदतों में बदलाव न केवल समग्र उपस्थिति प्रदर्शन में योगदान दे सकता है बल्कि समग्र फोकस और अकादमिक प्रदर्शन में भी काफी सुधार कर सकता है।

हाल के अध्ययनों के अनुसार यह पाया गया है कि स्वस्थ आहार अपनाने से छात्रों के समग्र ग्रेड में सुधार हुआ है। स्मृति प्रतिधारण के साथ-साथ ध्यान देने की अवधि कई गुना बढ़ गई थी। खाने के निश्चित समय के साथ-साथ मल्टीग्रेन या समग्र आहार को शामिल करने जैसी सरल आहार पद्धतियां समग्र लाभों में उल्लेखनीय अंतर लाने के लिए पर्याप्त हैं।

# आज देश भर में व्यापारियों ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलाई

## मुंबई, मस्जिद बंदर में विदेशी ऑनलाइन कंपनियों के खिलाफ पुतला जलाकर किया गया हल्ला बोल

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महाराष्ट्र प्रदेश के महामंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया सरकार की एफडीआई नीति के निरंतर घोर उल्लंघन और अमेज़न एवं फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी के खिलाफ अपना कड़ा विरोध और आक्रोश दर्ज कराने के लिए, कैट के झंडे तले व्यापारियों ने मुंबई के मस्जिद बंदर, भात बाजार चौक पर अमेज़न और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली का दहन किया ।कैट के आह्वान पर देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक शहरों में व्यापारिक संगठनों ने इसी तरह के विरोध प्रदर्शन कर अमेज़न एवं फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलाई । महाराष्ट्र में 75 से अधिक जगह पर विदेशी ई कॉमर्स कंपनियों के पुतलों का दहन किया । कैट ने सरकार से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत ई-कॉमर्स नियमों को तुरंत लागू करने और एक ई-कॉमर्स नीति को तुरंत लागू करने की पुरजोर मांग की है तथा यह भी आग्रह किया है की सेबी और ट्राई की तर्ज पर ई-कॉमर्स व्यापार को रेगुलेट करने के लिए एक सशक्त नियामक प्राधिकरण का भी




गठन किया जाए !भारत में ई-कॉमर्स व्यवसाय को बेहद विषाक्त करने तथा उसके स्वरूप को विकृत करने के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए मुंबई के प्रमुख व्यापारिक संगठनों से जुड़े व्यापारियों ने बड़ी संख्या में मस्जिद बंदर में भात बाजार चौक में एकत्रित होकर और हाथों में अमेज़न और फ्लिपकार्ट दोनों के पुतले लेकर नारेबाजी की। एमेजॉन के जेफ बेजोस और वॉलमार्ट के डग मैकमिलन के चेहरे पुतलों पर चिपकाये गए थे जो व्यापारियों के जबरदस्त गुस्से का इजहार कर रहे थे ।जबरदस्त नारेबाजी के बीच कैट के वरिष्ठ लोगों ने दोनों पुतलों को मुखाग्नि देते हुए कहा की यह अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए भी एक चेतावनी है जो न केवल सामानों की आपूर्ति में बल्कि खाद्यान,ट्रेवल और पर्यटन, मनोरंजन, कैब सेवाएं, टिकटिंग, खाद्य पदार्थों की डिलीवरी, दवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी, शिक्षा एवं ऑनलाइन गेम सहित अन्य रिटेल क्षेत्रों में अपनी मनमानी करते हुए व्यापारियों के व्यापार को नुक्सान पहुंचा रही हैं । कैट अन्य राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसी ई-कॉमर्स कंपनियां या तो नियमों का पालन करें या अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को भारत में बंद कर दें।कैट मुंबई के चेयरमैन रमणीक छेड़ा ने सरकार से ई-कॉमर्स कंपनियों के व्यापार मॉड्यूल की जांच करने का जोरदार आग्रह किया क्योंकि हर कंपनी

### महाराष्ट्र भर में भी कई जगह जलाई गई होली

साल दर साल अपने व्यापार में भारी नुकसान दिखा रही है लेकिन उसके बावजूद भी देश में अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को जारी रखे हुए है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये कंपनियां रॉयल्टी के रूप में भारी मात्रा में पैसा अपने मूल देशों में स्थानांतरित कर रही हैं और भारत में घाटा दिखाकर टैक्स देने से मुंह चुरा रही है । कैट के मुंबई अध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी ने कहा कि ई-कॉमर्स नीति एवं ई-कॉमर्स के नियमों को लागू करने का मामला लंबे समय से लंबित है। जब अन्य सभी व्यवसायों के लिए नियम और कानून बनाए गए हैं तो ई-कॉमर्स के लिए नियम-कानून क्यों नहीं बनाए जा रहे हैं। नियम-कानून के अभाव में ई-कॉमर्स कंपनियां देश के खुदरा व्यापार को काफी हद तक नुकसान पहुंचा रही हैं। यदि तत्काल आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो वह दिन दूर नहीं जब देश के खुदरा व्यापार का एक बड़ा हिस्सा विदेशी कंपनियों द्वारा नियंत्रित और कब्जा कर लिया जाएगा ।कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि ई-कॉमर्स की विकृत प्रकृति के कारण देश का खुदरा और थोक व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है, खासकर मोबाइल और मोबाइल एक्ससेरीज, किराना, मसाले, एफएमसीजी उत्पाद, गिफ्ट आइटम, रेडीमेड गारमेंट्स, जूते , चश्मा, घड़ियां, फार्मेसी, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, होम फर्निशिंग, खिलौने, सब्जियां, सूखे मेवे, खाने का सामान, रसोई के उपकरण, बिल्डर हार्डवेयर, कार्यालय उपकरण, स्टेशनरी, कागज, बिजली के सामान आदि। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही तो, तो ये कंपनियां अपनी मनमानी कर बाकी के सारे धंधे अपने हाथ में ले लेंगी। कैट ने सरकार से देश में करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल संज्ञान लेने का आह्वान किया है।:

**कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, महाराष्ट्र प्रदेशमहामंत्री :श्री शंकर वी.ठक्कर**

# अक्षय हरियानी को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे बॉलीवुड के दिग्गज



मुम्बई। व्यवसायी और उद्यमी, निर्माता अभिनेता अक्षय हरियानी ने मुम्बई के अंधेरी पश्चिम स्थित बर्न बार एंड किचन में अपना जन्मदिन मनाया। उसी अवसर पर उन्हें बधाई व शुभकामना देने मशहूर हस्तियां संगीत निर्देशक दिलीप सेन, अभिनेता अरुण बख्शी, पंकज बेरी, विश्वजीत सोनी, गायक राजू टांक, अभिनेत्री सरगम, दीपू शर्मा, अरमान ताहिल, सोनिया माहेश्वरी, ईशा पारेख, एसीपी संजय पाटिल, तन्मय सेनगुप्ता पहुंचे। साथ ही फिल्म्स टुडे के निदेशक राजेश श्रीवास्तव, आदित्य कुमार, पीआरओ पुनीत खरे और मंजीली हरियानी की भी उपस्थिति रही। अख फिल्म एंड प्रोडक्शन हाउस ने अपना पहला वीडियो एल्बम लॉन्च किया जिसका शीर्षक 'तेरे इश्क में' है। इस अलबम के संगीतकार पंकज भट्ट हैं और मुकेश गुप्ता द्वारा सह-निर्मित है।

# शाह ने गुजरात में 154 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन, AMC और AUDA को किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने गृह राज्य गुजरात में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने वर्चुअल तरीके अहमदाबाद में 154 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया। शाह ने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) और अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (एयूडीए) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक समारोह को भी संबोधित किया।



'निर्वा चन क्षेत्रों के विकास के लिए सांसदों का काम करना जरूरी'

इस दौरान शाह ने कहा, गांधीनगर का मेरा (लोकसभा) निर्वा चन क्षेत्र मेरे सांसद बनने से पहले ही विकसित हो चुका था। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हमें हर क्षेत्र में अपना सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मंत्री ने कहा कि सभी सांसदों को अपने संबंधित निर्वा चनक्षेत्रों के विकास के लिए काम करना जरूरी है। फ्लाईओवर का भी किया उद्घाटन, कम होंगी ट्रैफिक की समस्याएं

अहमदाबाद के सनथल में एक नया फ्लाईओवर उन परियोजनाओं में से एक था जिसका उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन किया। इसके बारे में उन्होंने कहा, सौराष्ट्र और भावनगर बाईपास (जो उसी चौराहे से गुजरता है) की ओर जाने वाले ट्रैफिक के कारण सनथल में समस्याएं थीं। इसके अलावा, शहर का ट्रैफिक बहुत बड़ा है। इसलिए सनथल में फ्लाईओवर उन मुद्दों को हल करेगा। शाह ने कार्यक्रम के दौरान अपने निर्वा चनक्षेत्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्मार्ट स्कूल और दो पार्कों का भी उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और एएमसी और एयूडीए के अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद थे। एनपीडीआरआर के तीसरे सत्र में प्रदर्शनी का किया निरीक्षण

# यूबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम

## 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर युनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा महिला सशक्तिकरण पर विशेष सम्मान



**गणेश पाण्डेय**

मुंबई : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च 2023 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई दक्षिण के अंतर्गत मुंबई समाचार मार्ग शाखा में अंतरराष्ट्रिय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तौर पर कर्मवीर पुरस्कार विजेता प्रियंका बिस्सा आमंत्रित थीं। कार्यक्रम में मुंबई अंचल प्रमुख योगेंद्र सिंह, उप अंचल प्रमुख श्रीनिवास राव, क्षेत्र प्रमुख गोविंद कुमार झा, उप क्षेत्र प्रमुख समीरन रॉय चौधुरी, क्षेत्र की महिला स्टाफ सदस्य एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

योगेंद्र सिंह ने महिला दिवस की बधाई दी और मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वर्ष 2019 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा एनएसएस राष्ट्रिय पुरस्कार से पुरस्कृत "छत्तीसगढ़ की बेटी " प्रियंका बिस्सा ने अपने सम्बोधन में महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक समानता पर ज़ोर दिया। उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित महिला स्टाफ सदस्यों के साथ सीधे संवाद करते हुए उनकी आकांषाओं एवं अपेक्षाओं के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरित महिला स्टाफ सदस्यों को प्रमाण पत्र एवं विशेष भेंट के साथ सम्मानित किया गया।क्षेत्र प्रमुख श्री गोविंद कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उठाए जा रहे कदमों को उल्लेखित किया, एवं सभा में उपस्थित सभी महिला सदस्यों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।

## म्यांमार और जीटीटीसीआई के सदस्यों ने होली का आयोजन किया और मनाया

# म्यांमार दूतावास में हर्षोल्लास से मनाया गया होली समारोह, कई देशों के राजदूत हुए सम्मिलित

**सीताराम मेवाती**

भारत - म्यांमार मैत्री संघ और वैश्विक व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद के साथ म्यांमार के राजदूत महामहिम मो क्याव ने होली (रंगों का त्योहार) समारोह का आयोजन 8 मार्च 2023 को दिल्ली में किया गया. इस कार्यक्रम में जीटीटीसीआई के विशिष्ट सदस्यों और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर कई देशों के राजनयिकों ने प्रमुखता से अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. इस कार्यक्रम में जो विदेशी राजनयिक सम्मिलित हुए उनमे प्रमुखता से थाईलैंड, सीरिया, मंगोलिया, कजाकिस्तान, नेपाल, त्रिनिदाद और टोबैगो एवं कोमोरोस के राजदूत प्रमुखता से उपस्थित रहे और रंगों के त्यौहार होली का उत्साह पूर्वक मनाया.



राजदूतों के अलावा इस कार्यक्रम में कई देशों के मिशन के उप प्रमुख भी सम्मिलित हुए जिनमें प्रमुखता से इंडोनेशिया, मेडागास्कर, हंगरी, मलेशिया, लेसोथो, कंबोडिया, त्रिनिदाद और टोबैगो, ब्रुनेई, और फिलिस्तीन उल्लेखनीय है. जीटीटीसीआई के संस्थापक अध्यक्ष, डॉ गौरव गुप्ता एवं श्री सुशील गोस्वामी भी इस कार्यक्रम सम्मिलित रहे.

इस कार्यक्रम को जीटीटीसीआई के प्रतिष्ठित भागीदारों, जगदंबा कटलरी के श्री पवन कंसल और गोपाल- 56 के डॉ. गौरव गोयल एवं रोलिंग प्लेट के प्रयासों से समर्थन मिला। अन्य सहायक भागीदारों में श्री मुस्तफा खान और बलविंदर सिंह शामिल थे। होली के इस उत्सव पर "ऑल दैट जैज" द्वारा एक नृत्य का भी प्रदर्शित किया गया था. इसके पश्चात अभिषेक खंडेलवाल द्वारा गाए गए गीतों और मलिका बेग और टीम, पावनी अग्रवाल और नंदिनी सिंह द्वारा नृत्य जैसे कई विशेष प्रदर्शन किए गए. रंगों के इस त्यौहार को हर्ष और सद्भाव के साथ राजदूतों और राजनयिकों के अभिनंदन के माध्यम से आगे बढ़ाया गया।

ज्ञात हो की यह साल का वह समय है जब हर कोई भारत के सबसे प्रसिध्द उत्सवों में से एक होली मनाने के लिए तैयार हो रहा है। म्यांमार के लॉन में होली मनाते हुए, राजनयिकों और मेहमानों ने बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम का आनंद लिया. इस उत्सव में वसंत ऋतु के स्वागत के माध्यम से दोनों अवसरों की भावना को साझा करने का अनुभव भी देखा गया। होली पर होने वाले सांस्कृतिक प्रदर्शनी में सबसे प्रमुख नृत्य और गीत का प्रदर्शन था। सदस्यों ने गायन, नृत्य और रंगों के साथ प्रसिध्द बसंत उत्सव को भी साझा किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों का उत्साह बना रहा. अनेकों देशों के राजदूत और कई देशों के मिशन के उप प्रमुखों की इस कार्यक्रम में उपस्थिति यह दर्शाती है की भारत के त्योहारों में हर देश सम्मिलित होना चाहते हैं जो अपने आप में एक सद्भावना दर्शाती है. यही बात भारत को हर स्थान पर प्रथम पंक्ति पर अग्रेषित करती जो अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है.

# दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास में किया गया होली और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**सीताराम मेवाती**

नेपाल के राजदूत महामहिम डॉ शंकर प्रसाद शर्मा ने एच.ई. ग्लोबल ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल इंडिया और लायंस क्लब दिल्ली (वेज) के सहयोग से 7 मार्च 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जीटीटीसीआई और लायंस क्लब दिल्ली (वेज) के विशिष्ट पदाधिकारियों और सदस्यों ने हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ने हेतु अनेकों देश के राजदूत सम्मिलित. जो राजनयिक सम्मिलित हुए उनमे म्यांमार के राजदूत महामहिम श्री मो क्याव, मंगोलिया के राजदूत, सीरिया के राजदूत, कोलंबिया के दूतावास से महामहिम सीडीए, जापान के उप राजदूत, इक्वाडोर के राजदूत, त्रिनिदाद और टोबैगो के उप राजदूत और लेसोथो के दूतावास के महामहिम डीसीएम, चेक गणराज्य, केन्या, फिलिस्तीन, रूस और ऑस्ट्रेलिया के दूतावास के राजनयिकों अनेक लोग सम्मिलित रहे. इसके अलावा लायन डॉ गौरव गुप्ता, जीटीटीसीआई के संस्थापक अध्यक्ष, श्री पवन कंसल, जीटीटीसीआई के अध्यक्ष श्री रमेश अग्रवाल एवं अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स से इस कार्यक्रम में सहयोग मिला.

इसके अतिरिक्त कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी इस कार्यक्रम को कामयाब बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया जिनमे रेलिगेयर ग्रुप की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रश्मी सलूजा, लेखक शेरी, नवरतन अग्रवाल और वर्ल्ड सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स के परमीत चड्ढा इत्यादि. इस कार्यक्रम को जीटीटीसीआई के सम्मानित भागीदारों, कोर और प्योर एसेंशियल ऑयल्स की श्रीमती प्रियंका सचदेवा और गोपाल के 56 के डॉ. गौरव गो यल के सहयोगात्मक प्रयासों से भी समर्थन प्राप्त हुआ.

प्रौद्योगिकी और नवाचार हमारे दैनिक जीवन में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उनके बिना इक्कीसवीं सदी में विकास की कल्पना करना मुश्किल है।

जीटीटीसीआई और लायंस क्लब (वेज) दिल्ली द्वारा आयोजित इस वर्ष का अंतर्रा ष्ट्रीय महिला दिवस "थिंक इक्वल, बिल्ड स्मार्ट, इनोवेट फॉर चेंज," इस बात की पड़ताल करता है कि लैंगिक समानता के लिए नवाचार कैसे काम कर सकता है, लैंगिक-उत्तरदायी सामाजिक प्रणालियों में निवेश को बढ़ावा दे सकता है, और सार्व जनिक सेवाओं में सुधार कर सकता, और बुनियादी ढांचा जो महिलाओं और लड़कियों की जरूरतों को पूरा करता है। यह साल का वह समय है जब हर कोई भारत के सबसे ज्वलंत उत्सवों में से एक होली मनाने के लिए तैयार हो रहा है। नेपाल दूतावास के लॉन में होली मनाते हुए, राजनयिकों और मेहमानों ने इस आयोजन को बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ अपनाया।

इस उत्सव में वसंत ऋतु के स्वागत के माध्यम से दोनों अवसरों की भावना को साझा करने का अनुभव भी देखा गया। होली पर होने वाले सांस्कृतिक प्रदर्शनी में सबसे प्रमुख नृत्य और गीत का प्रदर्शन था।

सदस्यों ने गायन, नृत्य और रंगों के साथ प्रसिध्द बसंत उत्सव को भी साझा किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों का उत्साह बना रहा। घटना उल्लेखनीय थी, इसके बाद एक इंटरैक्टिव सत्र और चाय पान का आयोजन भी किया गया.

# फर्टिलाइजर के लिए किसानों से पूछी जा रही जाति? विपक्ष के आरोप पर मुख्यमंत्री ने दिया ये जवाब

महाराष्ट्र विधानसभा में शुक्रवार को विपक्षी नेता अजित पवार ने फर्टिलाइजर खरीदी के लिए किसानों की जाति पूछे जाने का मामला उठाया। जिसे लेकर विधानसभा में खूब हंगामा हुआ। अजित पवार ने आरोप लगाया कि फर्टिलाइजर खरीदी के लिए सांगली में केंद्र सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर किसानों से उनकी जाति पूछी जा रही है। अजित पवार के इस आरोप पर मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि वह केंद्र सरकार से पोर्टल से जाति का कॉलम हटाने को कहेंगे। अजित पवार ने कहा कि पोर्टल के अपडेटेड वर्जन में फर्टिलाइजर खरीददारों के लिए एक कैटेगरी शामिल की गई है, जिसमें खरीददारों किसानों की जाति पूछी जा रही है। इस पर कांग्रेस विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि अगर ऐसा है तो यह सिर्फ सांगली तक सीमित नहीं होगा बल्कि राज्य के अन्य हिस्सों में भी किसानों से उनकी जाति पूछी जा रही होगी। कांग्रेस विधायक ने राज्य सरकार से इस मामले पर स्पष्टीकरण देने की मांग की। विपक्ष के आरोपों पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि जिस पोर्टल पर जाति पूछी जा रही है, उसका संचालन केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। केंद्र सरकार से जाति के कॉलम को डिलीट करने को कहा जाएगा और इसमें सुधार करा लिया जाएगा। मुनगंटीवार ने विपक्ष पर मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया। इसे लेकर उनकी कांग्रेस नेता नाना पटोले से तीखी बहस भी हो गई। इस पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बीच में हस्तक्षेप किया और कहा कि वह केंद्र सरकार से कहकर जाति के कॉलम को हटवाने की अपील करेंगे।



यह हिन्दी साप्ताहिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - दिलीप नानजीभाई पटेल द्वारा 403, बिल्डिंग नं.1, रोशन नगर, एस.आर.ए, सी.एच.एस. लि. नियर गणेश मंदिर, ओशिविरा जोगेश्वरी (प्र) मुंबई 400102 से मुद्रित कर एस.आर. पब्लिकेशन एवं प्रिंटींग प्रेस, गाला नं.8/9/10, नीयर घरातन पाड़ा ऑपोजिट रामेश्वरम बिल्डिंग, वैशाली नगर लास्ट बस स्टोप टाईटल फ्रंट, दहिसर (पूर्व), मुंबई 400068 से प्रकाशित किया गया है। संपादकः दिलीप नानजीभाई पटेल, उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा RNI No. MAHHIN/2020/78591 Mob: 7666090910 / 9574400445 Email : mumbaitarang@gmail.com / pateldilipuk2014@gmail.com वाद-विवाद का क्षेत्र मुंबई होगा।